RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty ●well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच




वर्ष : 27 | अंक : 258 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शनिवार, 06 सितंबर, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# ट्रंप के तेवर नरम, मोदी का दोस्ताना पोस्ट

## डैमेज कंट्रोल में जुटे ट्रंप, अमेरिका नहीं जाएंगे पीएम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और अमेरिका के



तनावपूर्ण संबंधों के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान पर अब प्रधानमंत्री नरेंद मोदी ने प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने दोनों देशों की साझेदारी को महत्वपूर्ण बताया है।

बता दें कि पीएम मोदी का यह बयान ट्रंप को लेकर दिए गए उनके हालिया बयान के बाद आया है. ट्रंप ने कहा था कि भारत और अमेरिका के संबंध बहुत स्पेशल हैं. उन्होंने कहा था कि मौजूदा तनाव के बावजूद पीएम मोदी मेरे दोस्त रहेंगे. हमारी दोस्ती बनी रहेगी. वह बेहतरीन प्रधानमंत्री हैं. ग्रेट हैं।

ट्रंप ने ये भी कहा था पीएम मोदी एक महान प्रधानमंत्री हैं. लेकिन वह फिलहाल जो कर रहे हैं, मुझे वह पसंद नहीं है. राष्ट्रपति ट्रंप से यह सवाल पूछा गया था कि क्या वह भारत के साथ फिर से संबंधों को सुधारने के लिए तैयार हैं? क्योंकि टैरिफ की वजह से दोनों देशों के संबंध बीते दो दशकों में सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं।

पीएम मोदी ने भारत और अमेरिका के संबंधों पर पोस्ट करते हुए कहा कि मैं राष्ट्रपति ट्रंप की भावनाओं और दोनों देशों के संबंधों के प्रति उनके सकारात्मक आकलन की सराहना करता हूं। भारत और अमेरिका के बीच बहुत ही सकारात्मक, दूरदर्शी एवं वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है।

### ट्रंप को बड़ा मैसेज



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस साल के अंत में होने जा रही संयुक्त राष्ट्र महासभा(UNGA)की बैठक में हिस्सा नहीं लेंगे। उनकी जगह विदेश मंत्री एस. जयशंकर अमेरिका जाएंगे। बैठक के वक्ताओं की संशोधित सूची जारी होने के बाद यह जानकारी सामने आई है। इस फैसले से भारत ने राष्ट्रपति ट्रंप को एक और बड़ा मैसेज देने की कोशिश की है।

पीएम मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की सालाना बैठक से किनारा कर लिया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा का 80वां सत्र नौ सितंबर से शुरू होगा. इसके बाद उच्चस्तरीय बैठक 23 से 29 सितंबर तक चलेगी। इस बैठक में पहला वक्ता ब्राजील होगा जबकि इसके बाद अमेरिका महासभा को संबोधित करेगा।

### मोदी महान प्रधानमंत्री

शुक्रवार को ओवल ऑफिस में मीडिया से बात करते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि मैं हमेशा (नरेंद्र) मोदी का दोस्त रहूंगा, वह एक महान प्रधानमंत्री हैं। लेकिन मुझे इस समय उनके द्वारा किए जा रहे काम पसंद नहीं आ रहे हैं। लेकिन भारत और अमेरिका के बीच एक खास रिश्ता है। चिंता की कोई बात नहीं है। हमारे बीच ऐसे पल आ जाते हैं। दरअसल राष्ट्रपति ट्रंप से सवाल किया गया था कि क्या वे भारत के साथ संबंधों को फिर से सुधारने के लिए तैयार हैं? इसके जवाब में ट्रंप ने ये बयान दिया।

# मुंबई को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी देने वाला नोएडा से गिरफ्तार

**नोएडा (चेतना मंच)।** गणेश चतुर्थी पर मुंबई 400 किलो आरडीएक्स से धमाके की धमकी देने वाले को नोएडा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया और अब आगे की विस्तृत जाच की जाएगी। गौतमबुद्धनगर की पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह को जब इस खतरे की जानकारी मिली तो उन्होंने तुरंत कई टीमें गठित कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। धमकी के 24 घंटे के अंदर ही आरोपी को पकड़ लिया गया है।

नोएडा के थाना सेक्टर 113 इलाके में रहने वाले आरोपी अश्वनी को स्वाट टीम ने कड़ी छानबीन और सघन कार्रवाई के बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी ने व्हाट्सएप के माध्यम से मुंबई पुलिस को संदेश भेजा था कि लश्कर-ए-जिहाद के 14 आतंकी मुंबई शहर में आ चुके हैं और वे 400 किलो आरडीएक्स विस्फोटक 34 गाड़ियों में लगाकर बड़ा ब्लास्ट करने की योजना बना रहे हैं। इस धमकी में यह भी कहा गया था कि इस विस्फोट में करीब एक करोड़ लोगों की मौत हो सकती है।



अश्वनी बिहार का रहने वाला है और पिछले पांच सालों से नोएडा में रह रहा था। पुलिस ने आरोपी के मोबाइल फोन समेत अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य भी बरामद किए हैं।

मुंबई पुलिस को इस धमकी की सूचना मिलने पर उन्होंने तुरंत नोएडा पुलिस से संपर्क किया था। तत्परता से काम करते हुए नोएडा पुलिस ने आरोपी की लोकेशन पता लगाई और उसे पकड़ लिया. अब आरोपी को जांच के लिए मुंबई पुलिस के हवाले कर दिया गया है ताकि वहां पर उसकी कड़ी पूछताछ और विस्तृत जांच की जा सके। मुंबई पुलिस आरोपी को लेकर मुंबई चली गई है।

# ग्रामीण जनता बस सेवा की सौगात

### प्रदेश भर में चलाई जाएंगी 250 बसें

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित परिवहन विभाग के कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने प्रदेश को ग्रामीण जनता सेवा का तोहफा दिया। इसके तहत लखनऊ समेत प्रदेशभर में 250 बसें संचालित की जाएंगी। प्रत्येक डिपो की 10 प्रतिशत फ्लीट जनता सेवा की होगी। ये बसें 75-80 किमी दूरी के दायरे में आने वाले गांवों तक चलेंगी। इसका किराया 20 प्रतिशत तक कम होगा। सीएम ने आरटीओ कार्यालय से जुड़े 48 कामों के आवेदन के लिए डेढ़ लाख जन सुविधा



केंद्रों सहित कई श्रेणियों में बसों की भी सौगात दी।

इस मौके पर सीएम ने परिवहन मंत्री की चुटकी लेते हुए कहा कि आज मंत्री जी जल्दी आ गए, हम तो सोचे थे कि 12 बजे तक आएंगे। लेकिन, आज पहले आ गए। यह प्रमाण है कि परिवहन बदल रहा है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# विधायक पंकज सिंह ने सोसायटियों में किया जनसंवाद

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा के विधायक एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह ने आज नोएडा की विभिन्न सोसाइटियों में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर उन्होंने महागुन माजेरिया (सेक्टर-78), विंडसर कोर्ट (सेक्टर-78), आर.जी. रेजिडेंसी (सेक्टर-120), अम्रपाली जोडियक (सेक्टर-120) एवं सुपरटेक रोमानो (सेक्टर-118) का भ्रमण कर निवासियों से सीधे संवाद स्थापित किया।



कार्यक्रम के दौरान निवासियों ने स्वच्छ पेयजल एवं गंगाजल की नियमित आपूर्ति, पार्कों की साफ-सफाई और आवारा कुत्तों की समस्या के शीघ्र समाधान जैसी महत्वपूर्ण मांगें उठाईं। इस पर विधायक पंकज सिंह ने संबंधित प्राधिकरण अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई हेतु निर्देशित किया तथा आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का त्वरित समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा।

जनसंवाद के दौरान सोसाइटियों में फ्लैटों की रजिस्ट्री समस्या पर भी निवासियों ने अपनी चिंता व्यक्त की। इस पर विधायक पंकज सिंह ने कहा कि सरकार इस मुद्दे को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## खेत से मिट्टी चुरा ले गए दबंग

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना जेवर में एक व्यक्ति ने अपने खेत से मिट्टी चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित ने इस संबंध में महिला सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

साहुपुरा फरीदाबाद निवासी प्रदीप ने बताया कि उसके खेत जेवर के मौजा दयानतपुर गांव में है। बीते दिनों उसे किसी जानकार ने बताया कि उसके खेत से मिट्टी चोरी कर ली है। जब वह अपने खेत पर पहुंचा तो उसे खेत में जगह-जगह गड्ढे दिखाई दिए। प्रदीप ने खेत से मिट्टी चोरी करने के आरोप में सतपाल, राहुल व चंद्रावती के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर 113 क्षेत्र के एफएनजी रोड पर तेज गति में आ रही आई10 कार की टक्कर लगने से बाइक सवार की मौत हो गई। इस हादसे में घायल हुए दूसरे युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। ग्राम सेनी सुनपुरा ग्रेटर नोएडा निवासी दिनकर निषाद अपने दोस्त अमरजीत के साथ बाइक से अपने काम पर जा रहा था। उनकी बाइक जैसे ही एफ एन जी रोड पर पहुंची तो तेज गति में आ रही आई 10 कार ने उसमें टक्कर मार दी। इस हादसे में दिनकर निषाद और उसका साथी अमरजीत गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने दिनकर निषाद को मृत घोषित कर दिया।

इस हादसे में घायल अमरजीत की हालत गंभीर बनी हुई है। उपचार के लिए उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में मृतक के बहनोई राजेश कुमार निषाद ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पीड़ित द्वारा उपलब्ध कराए गए कार नंबर के आधार पर आरोपी चालक की तलाश कर रही है।

## साइबर ठगों ने बैंक खाता किया खाली

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना रबूपुरा में एक व्यक्ति ने अपने साथ साइबर क्राइम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के मुताबिक उसके उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा के खाते से दो बार में एक लाख रुपए की अवैध निकासी की गई।

ग्राम रुस्तमपुर निवासी अनूप ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि रबूपुरा में स्थित उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा में उसका खाता है। 1 सितंबर को उसके बैंक खाते से दो बार में एक लाख रुपए की अवैध निकासी की गई।इस बात की जानकारी मिलने पर उसने बैंक से संपर्क कर बताया कि यह लेनदेन उसके द्वारा (शेष पृष्ठ-4 पर)

# कड़ी सुरक्षा में जिले के 40 केन्द्रों पर PET की परीक्षा



**लखनऊ /नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (UPSSSC) की प्रारंभिक पात्रता परीक्षा(PET)2025 शनिवार से शुरू हो गई। राज्य भर के परीक्षा केंद्रों पर बड़ी संख्या में अभ्यर्थी पहुंचे। परीक्षा 6 और 7 सितंबर को उत्तर प्रदेश के 48 जिलों में दो पालियों में आयोजित की जाएगी।

गौतमबुद्धनगर जिले में 40 केंद्रों पर परीक्षा हो रही है। परीक्षा दो पालियों में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा केंद्रों पर, अधिकारियों ने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया और अभ्यर्थियों को हॉल में प्रवेश करने से पहले बायोमेट्रिक सत्यापन (शेष पृष्ठ-4 पर)

## सम्पूर्ण समाधान दिवस अब 8 सितं. को

**नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम में जनपद में आगामी सम्पूर्ण



समाधान दिवस की तिथि में बदलाव किया गया है। पूर्व निर्धारित तिथि 6 सितंबर 2025 (प्रथम शनिवार) को आयोजित होने वाला सम्पूर्ण समाधान दिवस अब 8 सितंबर 2025 (सोमवार) को आयोजित किया जाएगा।

यह परिवर्तन उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET)-2025 के दृष्टिगत किया गया है, जो 6 व 7 सितंबर 2025 को प्रदेश के 48 जनपदों में दो पालियों में संपन्न होगी।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि संशोधित तिथि के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस की सभी तैयारियां ससमय से सुनिश्चित की जाएं।

# बाढ़ प्रभावितों के राहत कार्यों में जुटा प्रशासन व प्राधिकरण



एसडीआरएफ एनडीआरएफ होमगार्ड तथा आपदा मित्र तैनात, 14 रेस्क्यू बोटें लगीं



**नोएडा (चेतना मंच)।** यमुना नदी में आई बाढ़ के मददेनजर जिला प्रशासन तथा नोएडा प्राधिकरण ने काफी तैयारी की है। अब तक बाढ़ से प्रभावित करीब 3500 लोगों को विभिन्न स्थानों पर ठहराया गया है। वहीं करीब 1500 मवेशियों को सुरक्षित ऊंचे स्थानों पर रखा गया है। सभी के खान-पान तथा दवा आदि के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। बाढ़ से राहत के लिए एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, पीएसी, आपदा मित्र, होमगार्ड की तैनाती की गई है। वहीं 14 रेस्क्यू बोट लगाई गई है।

### 3500 लोगों तथा 1500 मवेशियों को सुरक्षित स्थानों में रखा

यमुना नदी में बढ़ते जलस्तर को देखते हुए गौतमबुद्ध नगर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मेधा रूपम के नेतृत्व में राजस्व, सिंचाई, स्वास्थ्य, पूर्ति विभाग, रेस्क्यू टीमों एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी लगातार राहत और बचाव कार्यों में जुटे हुए हैं। प्रभावित लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित शरणालयों में पहुंचाया जा रहा है, जहाँ उनके भोजन, चिकित्सा और अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। अब तक जनपद के कुल 18 ग्राम (तहसील सदर के 12 और दादरी के 6) बाढ़ से प्रभावित हैं, जिनकी लगभग 3700 की जनसंख्या प्रभावित है। इनमें से 3396 लोगों को विभिन्न शरणालयों में ठहराया गया है, जहाँ सामुदायिक रसोई के माध्यम से तीनों समय भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

आमजन की सुविधा के लिए बाढ़ कंट्रोल रूम 24 घंटे सक्रिय है, जिसके दूरभाष नंबर 0120-2978231, 2978232 और (शेष-4 पर)

## कार से लैपटॉप मोबाइल चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस तीन क्षेत्र के सेक्टर-70 में सड़क किनारे कार खड़ी कर सामान खरीदने गए एक व्यक्ति की कार का चोरों ने शीशा तोड़ दिया।चोर कार में रखे लैपटॉप, बैग, मोबाइल फोन, 3 हजार रुपए व अन्य दस्तावेज चोरी कर ले गए।

चाणक्य प्लेस जनकपुरी नई दिल्ली निवासी वरुण टंडन ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 3 सितंबर की रात को सेक्टर 70 स्थित शौर्य बैंकट हॉल के पास अपनी कार खड़ी कर कुछ सामान खरीदने के लिए चले गए। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटे तो उनकी कार का शीशा टूटा हुआ था। चोर कार में रखा लैपटॉप, मोबाइल फोन, चार्जर,3 हजार रुपए ,बैंक की चेक बुक, आईडी प्रूफ आदि को चोरी कर ले गए। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# फर्जी कर्मचारियों के नाम पर कंपनी को लगाया लाखों का चूना

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-65 स्थित एक कंपनी के एचआर एग्जीक्यूटिव ने अन्य कर्मचारियों को साथ मिलकर कंपनी को 50 लाख रुपए का चूना लगा दिया। आरोपी फर्जी नियुक्ति कर कंपनी से फर्जी कर्मचारियों के नाम पर वेतन लेते रहे । मामले की जानकारी मिलने पर कंपनी के एडमिन एग्जीक्यूटिव ने थाना फेस 3 में मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर 65 स्थित कंपनी में एडमिन एग्जीक्यूटिव के रूप में कार्यरत गौरव गौतम ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनकी कंपनी में सुदेश सोलंकी एचआर एग्जीक्यूटिव अधिकारी तथा ठेकेदार, सुपरवाइजर हैप्पी यादव व अन्य लोगों ने कंपनी के साथ धोखाधड़ी की है। इन लोगों ने कंपनी की आंतरिक प्रक्रिया का दुरुपयोग कर फर्जी दस्तावेज बना कर तथा रिकॉर्ड में झूठे कार्य दर्शाकर नकली कर्मचारी कंपनी से जोड़ लिए और उनके वेतन का भुगतान करते रहे। इस बात की जानकारी मिलने पर कंपनी ने जब जांच पड़ताल की तो इस फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। कंपनी द्वारा की गई आंतरिक जांच में पता चला कि आरोपियों ने कंपनी को करीब 50 लाख रुपए की आर्थिक हानि पहुंचाई है। गौरव गौतम ने कंपनी के एचआर एग्जीक्यूटिव अधिकारी सुदेश सोलंकी, ठेकेदार, सुपरवाइजर हैप्पी यादव व अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

## आर्थिक राहत

जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक के बाद घोषित जीएसटी की नई दरें 22 सितंबर से लागू करने करने की घोषणा की गई है। जिसमें अब 12 व 28 फीसदी के दो स्लैब को खत्म करके सिर्फ 5 व 18 फीसदी कर दिया गया है। कहा जा रहा है कि यह सरकार की ओर से आर्थिक सुधारों की कड़ी में एक नई पहल है, जिससे जीएसटी को तार्किक बनाने व आम जनता को महंगाई से राहत देने का प्रयास है। वहीं दूसरी ओर विलासिता आदि वस्तुओं के लिये चालीस फीसदी का एक नया स्लैब जोड़ा गया है। विपक्ष इसे देर से उठाया गया कदम बता रहा है, तो सरकार आर्थिक सुधार की दिशा में बड़ा कदम। वहीं कुछ अर्थशास्त्री इस कदम को ट्रंप के टैरिफ वॉर के परिप्रेक्ष्य में उठाया गया सुरक्षात्मक कदम मानते हैं। जिससे घरेलू खपत को बढ़ाकर निर्यात घाटे को कम किया जा सके। वहीं कुछ लोग इसे नवरात्र में दिवाली से पहले सरकार का तोहफा बता रहे हैं। माना जा रहा है कि सरकार की सोच है कि आर्थिक सुधारों के जरिये घरेलू उपभोग व निवेश को बढ़ाया जाए। निस्संदेह, इससे भारतीय अर्थव्यवस्था का विस्तार होगा। यही वजह है कि कुछ अर्थशास्त्री जीएसटी दरों को घटाने को साहसी व दूरदर्शी कदम बताते हैं, जो उपभोक्ता के उपभोग को बढ़ाएगा। उल्लेखनीय है कि सरकार ने एक जुलाई 2017 को पूरे देश में जीएसटी लागू किया था। उसके बाद समय-समय पर विभिन्न उत्पादों की दरों में परिवर्तन किए जाते रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद विपक्षी दलों द्वारा शासित सरकारें कई उत्पादों पर जीएसटी दरें तार्किक बनाने की मांग करती रही हैं। जिसमें पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी दर घटाने की मांग की थी। इतना ही नहीं, कुछ उद्योगों, विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों व जन-स्वास्थ्य से जुड़ी वस्तुओं के उत्पादकों द्वारा जीएसटी कम करने की मांग की जाती रही है। इसी तरह किसान संगठन भी कृषि उत्पादों पर कर कम करने की मांग करते रहे हैं। वहीं दूसरी ओर जीएसटी दरों में बदलाव की टाइमिंग को लेकर सवाल उठाते रहे हैं। उनका मानना है कि इसकी पृष्ठभूमि में ट्रंप के टैरिफों को कम करने की कवायद भी है ताकि घरेलू उपभोग बढ़ाया जा सके और सस्ते निर्यात को बढ़ावा मिल सके। कालांतर इससे देश की अर्थव्यवस्था को गति मिल सकेगी। इसका संकेत प्रधानमंत्री ने पंद्रह अगस्त को लाल किले से संबोधन में भी दिया था। वहीं आगामी वर्ष मार्च में राज्यों को राहत देने वाले कम्पंसेशन सेस की समाप्ति से पहले राज्यों को राहत देने के लिये भी यह कदम उठाया गया हो सकता है। निस्संदेह, इस कदम से सरकारी खजाने में जीएसटी कम आएगा, लेकिन आर्थिक विशेषज्ञ मानते हैं कि विलासिता की वस्तुओं पर चालीस फीसदी का जीएसटी सरकार के घाटे की पूर्ति में किसी हद तक मदद करेगा। फिर भी कहा जा रहा है कि सरकार को अड़तालीस हजार करोड़ का नुकसान हो सकता है, लेकिन चीजें सस्ती होने पर उपभोग वृद्धि से सरकार को राहत मिल सकती है। वहीं कहा जा रहा है कि असंगठित क्षेत्र को जीएसटी कटौती दर का लाभ नहीं मिलेगा। अर्थशास्त्री लंबे समय से मांग करते रहे हैं कि देश में सबसे ज्यादा रोजगार देने वाले असंगठित क्षेत्र को आर्थिक सुधारों का लाभ दिया जाना चाहिए। बहरहाल, इतना तय है कि जीएसटी दरों में कमी से उपभोक्ता मांग में वृद्धि होगी तो अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। आम आदमी कम पैसे में ज्यादा सामान खरीद पाएगा। वैसे यहां यह बात महत्वपूर्ण है कि इस बदलाव से वास्तव में आम उपभोक्ता को कितना फायदा होता है। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि उद्योग कर कटौती का लाभ उपभोक्ता तक कैसे पहुंचाते हैं। साथ ही नियामक कितनी सतर्कता से अनुपालन सुनिश्चित करते हैं। निस्संदेह यह सही दिशा में उठाया गया एक कदम है। लेकिन यह कितना लाभ आम आदमी को पहुंचाएगा, इस बात पर निर्भर करेगा कि सुधार को कितनी निरंतरता और पारदर्शिता के साथ लागू किया जाता है।

## रामचरित मानस

**पिछले अंक में आपने पढ़ा था कि पुष्प वाटिका ( फुलवारी ), बाग और वन, जिनमें बहुत से पक्षियों का निवास है, फूलते, फलते और सुंदर पत्तों से लदे हुए नगर के चारों ओर सुशोभित हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**बनइ न बरनत नगर निकाई। जहाँ जाइ मन तहँइँ लोभाई॥**
**चारु बजारु बिचित्र अँबारी। मनिमय बिधि जनु स्वकर सँवारी॥**

नगर की सुंदरता का वर्णन करते नहीं बनता। मन जहाँ जाता है, वहीं लुभा जाता (रम जाता) है। सुंदर बाजार है, मणियों से बने हुए विचित्र छज्जे हैं, मानो ब्रह्मा ने उन्हें अपने हाथों से बनाया है॥

**धनिक बनिक बर धनद समाना। बैठे सकल बस्तु लै नाना।**
**चौहट सुंदर गलीं सुहाई। संतत रहहिं सुगंध सिंचाई॥**

कुबेर के समान श्रेष्ठ धनी व्यापारी सब प्रकार की अनेक वस्तुएँ लेकर (दुकानों में) बैठे हैं। सुंदर चौराहे और सुहावनी गलियाँ सदा सुगंध से सिंची रहती हैं॥

**मंगलमय मंदिर सब केरें। चित्रित जनु रतिनाथ चितेरें॥**
**पुर नर नारि सुभग सुचि संता। धरमसील ग्यानी गुनवंता॥**

सबके घर मंगलमय हैं और उन पर चित्र कढ़े हुए हैं, जिन्हें मानो कामदेव रूपी चित्रकार ने अंकित किया है। नगर के (सभी) स्त्री-पुरुष सुंदर, पवित्र, साधु स्वभाव वाले, धर्मात्मा, ज्ञानी और गुणवान हैं॥

( क्रमशः.. )

# जीवन जीने का सलीका सिखाते हैं शिक्षक

विश्वभर में लगभग सभी महापुरूषों ने शिक्षकों को राष्ट्र निर्माता की संज्ञा दी है। गुरू रूपी इन्हीं शिक्षकों को सम्मान देने के लिए प्रतिवर्ष 5 सितम्बर को 'शिक्षक दिवस' मनाया जाता है। यह एकमात्र ऐसा दिन है, जब छात्र अपने शिक्षकों अर्थात् गुरुओं को उपहार देते हैं। पहले जहां गुरूकुल परम्परा हुआ करती थी और उस समय जीवन की व्यावहारिक शिक्षाएं इन्हीं गुरूकुल में गुरु दिया करते थे, आज नए जमाने में गुरूओं का वही अहम कार्य शिक्षक पूरा कर रहे हैं, जो छात्रों के सच्चे मार्गदर्शक बनकर उन्हें स्कूल से लेकर कॉलेज तक वह शिक्षा देते हैं, जो उन्हें जीवन में बुलंदियों तक पहुंचाने में सहायक बनती है। आज भले ही शिक्षा प्राप्त करने या ज्ञानोपार्जन के लिए अनेक तकनीकी साधन सुलभ हैं किन्तु एक अच्छे शिक्षक की कमी कोई पूरी नहीं कर सकता। जिस प्रकार एक अच्छा शिल्पकार किसी भी पत्थर को तराशकर उसे खूबसूरत रूप दे सकता है और एक कुम्हार गीली मिट्टी को सही आकार प्रदान कर सही आकार के खूबसूरत बर्तन बनाता है, समाज में वही भूमिका एक शिक्षक अदा करता है, इसीलिए शिक्षक को समाज के असली शिल्पकार का भी दर्जा दिया जाता है। इतिहास ऐसे शिक्षकों के उदाहरणों से भरा पड़ा है, जिन्होंने अपनी शिक्षा से अनेक लोगों के जीवन की दिशा ही बदल दी।

भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के अवसर पर भारत में प्रतिवर्ष 5 सितम्बर को शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट करने के उद्देश्य से शिक्षक दिवस मनाया जाता है। 13 मई 1962 को राधाकृष्णन देश के राष्ट्रपति बने और उसी वर्ष उनके कुछ छात्र उनका जन्मदिन मनाने के उद्देश्य से उनके पास गए तो उन्होंने उन छात्रों को परामर्श दिया कि उनके जन्मदिन को अध्यापन के प्रति उनके समर्पण के लिए 'शिक्षक दिवस' के रूप में मनाया जाए और इस प्रकार 5 सितम्बर 1962 से ही देश में यह



***भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के अवसर पर भारत में प्रतिवर्ष 5 सितम्बर को शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट करने के उद्देश्य से शिक्षक दिवस मनाया जाता है।***

दिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। 5 सितम्बर 1888 को एक निर्धन ब्राह्मण परिवार में जन्मे डा. राधाकृष्णन ने अपने जीवनकाल के 40 वर्ष एक आदर्श शिक्षक के रूप में समर्पित कर दिए। मद्रास प्रेसीडेंसी कॉलेज से शिक्षा ग्रहण करने के बाद उन्होंने मैसूर यूनिवर्सिटी, कलकत्ता यूनिवर्सिटी तथा बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में अध्यापन किया और लंदन में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में भी दर्शन शास्त्र पढ़ाया। 1931 में किंग जॉर्ज पंचम ने उन्हें नाइटहुड की उपाधि प्रदान की किन्तु उन्होंने देश की आजादी के बाद अपने नाम के साथ 'सर' लगाना बंद कर दिया। राधाकृष्णन 1947 से 1949 तक संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य रहे और 1954 में उन्हें 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया। 1962 में ब्रिटिश अकादमी का सदस्य बनने पर उन्हें गोल्डन स्पर, इंग्लैंड के 'ऑर्डर ऑफ मैरिट' तथा 1975 में मरणोपरांत अमेरिकी सरकार द्वारा 'टेम्पलटन पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। डा. राधाकृष्णन एक महान् दार्शनिक और आदर्श शिक्षक होने के साथ-साथ राजनीति में भी प्रवीण थे।

दर्शन शास्त्र जैसे गंभीर विषय को भी डा. राधाकृष्णन अपनी अद्भुत शैली से बेहद सरल और रोचक बना देते थे। जिस विषय का वे अध्यापन करते थे, पहले स्वयं उसका गहन अध्ययन करते थे। डा. राधाकृष्णन अपने व्याख्यानों के साथ-साथ विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से छात्रों को उच्च नैतिक मूल्यों को अपने आचरण में समाहित करने के लिए प्रेरित कर उनका बेहतर मार्गदर्शन भी करते थे। उनका कहना था कि हमें अपने शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए क्योंकि शिक्षक के बिना इस दुनिया में हम सभी अधूरे हैं। शिक्षक ही हैं, जो देश के भविष्य के वास्तविक आकृतिकार हैं और हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। राधाकृष्णन का कहना था कि हमें मानवता को उन नैतिक जड़ों तक वापस ले जाना चाहिए, जहां से अनुशासन और स्वतंत्रता दोनों का उद्गम हो। उनका कथन स्पष्ट था कि जब तक शिक्षक शिक्षा के प्रति समर्पित और प्रतिबद्ध नहीं होगा और शिक्षा को एक मिशन के रूप में नहीं अपनाएगा, तब तक अच्छी और उद्देश्यपूर्ण शिक्षा की कल्पना नहीं की जा सकती।

आज हम हर बच्चे को महंगी उत्कृष्ट आधुनिक शिक्षा के जरिये टॉपर बनाकर बड़ा डॉक्टर, इंजीनियर या प्रशासनिक अधिकारी बनाने का सपना संजोये रहते हैं और भूलते जा रहे हैं कि उसे जीवन की बुलंदियों पर पहुंचाने के साथ-साथ एक अच्छा इंसान बनाना भी बेहद जरूरी है और इसके लिए हर बच्चे को नैतिक, भौतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक शिक्षा दिए जाने की भी आवश्यकता है ताकि बच्चे अपने विवेक से बुद्धिमत्तापूर्ण निर्णय लेने और समाज को सही दिशा देने में सक्षम बनें। डा. राधाकृष्णन का मानना था कि यदि सही तरीके से शिक्षा प्रदान की जाए तो समाज की अनेक बुराईयों का समूल नाश किया जा सकता है। एक सभ्य, सुसंस्कारित, सुन्दर एवं शांतिपूर्ण समाज के निर्माण के लिए शिक्षक दिवस के अवसर पर डा. राधाकृष्णन के आदर्शों, उनकी शिक्षाओं तथा जीवन मूल्यों को जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है।

**- योगेश कुमार गोयल**
**( लेखक साढ़े तीन दशक से पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं )**

# नेताओं को सुधारने के लिए बन रहे हैं इंडोनेशिया जैसे हालात

इंडोनेशिया की राजधानी में संसद पहुंचने की कोशिश कर रहे हजारों पत्थरबाज छात्रों पर दंगा पुलिस ने आंसू गैस के कई राउंड दागे। ये छात्र संसद सदस्यों के भव्य भत्तों का विरोध करने के लिए वहां पहुंचे थे। प्रदर्शनकारी हाल की रिपोर्टों से नाराज थे कि प्रतिनिधि सभा के 580 सदस्यों को सितंबर 2024 से प्रति माह 50 मिलियन रुपिया (एसडी 3,075) का आवास भत्ता मिल रहा है। सांसदों को प्रति महीने दिया जाने वाला भत्ता एक इंडोनेशियाई नागरिक के प्रति महीने आय से 20 गुना ज्यादा है। इंडोनेशिया की संसद के 580 सदस्यों को सितंबर 2024 से 5 करोड़ रुपये (3,075 डॉलर) आवास भत्ता के तौर पर दिए जा रहे हैं। इंडोनेशिया में भ्रष्टाचार व्याप्त है और कार्यकर्ताओं का कहना है कि 28 करोड़ से ज़्यादा की आबादी वाले देश में पुलिस और संसद सदस्यों को व्यापक रूप से भ्रष्ट माना जाता है। नेताओं के रवैये को देखकर लगता है कि भारत में भी देर-सबेर ऐसे हालात बन रहे हैं। मंत्री, सांसद-विधायकों का सही मायने में देश के लोगों की हालत से ज्यादा सरोकार नहीं रह गया है। संसद के मॉनसून सत्र में लोकसभा में चर्चा के लिए 120 घंटे तय थे किन्तु 37 घंटे ही चर्चा हो पाई। हंगामें के कारण कार्रवाई ठप होने से जनता कई सौ करोड़ के धन का नुकसान हुआ। लगातार व्यवधानों के कारण केवल एक तिहाई समय तक ही सक्रिय रूप से चल पाया। इसमें बड़ा हिस्सा ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा का रहा। अधिकांश समय हंगामे में बीता, जिससे विधेयक बिना पर्याप्त चर्चा के पारित किए गए। राज्य सभा में 285 सवाल पूछने के बावजूद केवल 14 सवालों का ही जवाब सत्र के दौरान दिया गया। लगातार 20 दिनों तक इंडिया ब्लॉक से जुड़े विपक्षी दलों ने बिहार में मतदाता सूची के पुनर्निरीक्षण केमुद्दे पर लोक सभा और राज्य सभा के अंदर और बाहर जमकर हंगामा और प्रदर्शन किया। इसकी वजह से दोनों सदनों की कार्यवाही काफी बाधित हुई। राज्य सभा के डिप्टी चेयरमैन हरवंश ने मॉनसून सत्र के आखिरी दिन अपने समापन भाषण में कहा कि कुल मिलाकर, सदन केवल 41 घंटे 15 मिनट ही चल पाया। इस सत्र की उत्पादकता निराशाजनक रूप से सिर्फ 38.88 प्रतिशत रही, जो गंभीर आत्मचिंतन का विषय है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि चुने हुए जनप्रतिनिधी देशहित के लिए कितने गंभीर हैं।

काम नहीं तो वेतन नहीं, संसद में इस मुद्दे पर कोई आवाज नहीं उठाता। किसी भी कारण से संसद का कामकाज हो या नहीं, इससे सांसदों को फर्क नहीं पड़ता। उन्हें पूरा वेतन-भत्ता मिलता है। काम नहीं करने के आधार पर इसमें कटौती की कोई चर्चा तक नहीं करता। दमन और दीव के केंद्र शासित प्रदेश के निर्दलीय सांसद उमेश पटेल अकेले ऐसे सांसद रहे जिन्होंने यह मांग उठाई। उन्होंने कहा था कि अगर सदन नहीं चलता है, तो सांसदों को भत्ता भी नहीं मिलना चाहिए। उनका दावा था कि सांसदों को भत्ता तो मिलता है, लेकिन जनता के काम नहीं हो पाते। उन्होंने आरोप लगाया था कि सत्ता और विपक्ष दोनों की इगो के कारण सदन नहीं चलने दिया जा रहा है, जबकि विपक्षी दल सरकार को ही इसके लिए जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सदन में कार्य नहीं होने पर सांसदों का वेतन और अन्य लाभ रोके जाने चाहिए। संसद की कार्रवाई ठप करने के लिए सत्तापक्ष और विपक्ष एक-दूसरे पर आरोपों का ठीकरा फोड़ते हैं,



लेकिन जब बात वेतन-भत्ते बढ़ाने की आती है तो सब मिल कर एक हो जाते हैं। इस पर कोई बहस तक नहीं होती। वेतन-भत्तों के एवज में सांसदों की उत्पादकता कितनी रही, इसका विश्लेषण तक नहीं किया जाता। देश जब 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाता है, तब उस दौरान मॉनसून सत्र में 79 घंटे भी संसद नहीं चली। देश की संसद के मॉनसून सत्र में लोकसभा में 83 घंटे काम नहीं हुआ। इससे 124 करोड़ 50 लाख रुपए जनता का धन बर्बाद हुआ। राज्यसभा में 73 घंटे ठप रही, इससे 80 करोड़ रुपए व्यर्थ गए। मतलब दोनों सदनों में मिलाकर 204 करोड़ 50 लाख रुपए बर्बाद कर दिए गए। संसद में जहां घंटाभर बैठकर सांसद काम नहीं कर सकते हैं, उन्हें ही 5-5 साल की जिम्मेदारी देकर जनता भेज देती है। संसद में बैठने वाले 93 प्रतिशत सांसद करोड़पति हैं, जिन्हें अभी एक लाख 24 हजार रुपए हर महीने वेतन मिलता है। संसदीय क्षेत्र भत्ता 84 हजार रुपए होता है। दैनिक भत्ता सांसदों का 2500 रुपए है। वेतन भत्ता जोड़कर हर सांसद को हर महीने दो लाख 54 हजार रुपए जनता के पैसे से दिया जाता है। देशहित के नाम पर हंगामा कर संसद की कार्रवाई ठप करने में सांसद कोई मौका नहीं छोड़ते पर जब बात वेतन-भत्ते बढ़ाने की आती है तो सब एक हो जाते हैं। गत वर्ष संसद सदस्यों के वेतन में 24 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई। नया वेतन 1 अप्रैल 2023 से प्रभावी माना गया। इसके साथ ही सांसदों का मासिक वेतन कुछ भत्तों और सुविधाओं के अलावा 1.24 लाख रुपये हो गया है। सरकार का कहना था कि बढ़ती महंगाई को देखते हुए सांसदों के वेतन में वृद्धि की गई। वहीं पूर्व सदस्यों के लिए पांच साल से अधिक की सेवा पर प्रत्येक वर्ष के लिए अतिरिक्त पेंशन की घोषणा की गयी। इसमें कहा गया है कि दैनिक भत्ता 2,000 रुपये से बढ़ाकर 2,500 रुपये कर दिया गया है।

पूर्व सांसदों की पेंशन 25,000 रुपये प्रति माह से बढ़ाकर 31,000 रुपये प्रति माह कर दी गई। पांच साल से अधिक की सेवा पर प्रत्येक वर्ष के लिए अतिरिक्त पेंशन 2,000 रुपये प्रति माह से बढ़ाकर 2,500 रुपये प्रति माह कर दी गई। 1954 के सांसद वेतन, भत्ता और पेंशन अधिनियम के तहत उन्हें यह सुविधा दी गई है। हर पांच साल में होता है रिव्यू 2018 के बाद से सांसदों के वेतन और भत्ते की हर पांच साल पर समीक्षा होती है। यह समीक्षा महंगाई दर पर आधारित होती है। 2018 में सांसदों के वेतन और भत्तों के लिए कानून में संशोधन किया गया था। सांसदों को विट्ठलभाई पटेल (वीपी) हाउस में हॉस्टल से लेकर मध्य दिल्ली में दो बेडरूम वाले फ्लैट और बंगले तक आवास मिलता है। उन्हें बिजली, पानी, टेलीफोन और इंटरनेट शुल्क के लिए भी राशि दी जाती है। संसद में निरंतर हंगामे के परिणामस्वरूप दोनों सदनों में लंबे समय तक स्थगन होता है जो अंततः सदन में सार्वजनिक नीति के निर्माण को प्रभावित करता है। भारत दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में से एक है, जहां नीति पर अपनी राय के साथ हर किसी की अपनी आवाज है, लेकिन ये लंबे समय तक व्यवधान संसद की क्षमता को कम कर रहा है। दिन के अंत में हमें क्या परिणाम मिलता है, और चर्चा से हमें कितना लाभ होता है? संसद अपने नियम और विनियम बनाती है, विधायी निकायों के प्रभावी कामकाज के लिए उन नियमों और विनियमों का पालन करना सदस्यों पर निर्भर है। ऐसा कब तक होगा? संसद को व्यक्तिगत स्तर और पार्टी स्तर दोनों पर आंतरिक जांच और संतुलन के साथ आना होगा। बार-बार व्यवधान डालने पर आनुपातिक दंड लगाया जा सकता है। एक संसद व्यवधान सूचकांक तैयार किया जा सकता है जिस पर व्यवधानों का स्वतः निलंबन लागू किया जा सकता है। साथ ही संसद के कार्य दिवसों में वृद्धि की जानी चाहिए। लगातार व्यवधान एक नया मानदंड बनता जा रहा है जो पार्टियों के बीच विश्वास की कमी को बढ़ाता है। यह प्रवृत्ति एक स्वस्थ लोकतंत्र और संसदीय प्रणाली की निष्पक्षता में सेंध के लिए खराब है।

**- योगेन्द्र योगी**
**( इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं। )**

# राशिफल

**भाद्रपद माह, शुक्ल पक्ष चतुर्दशी** | **(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
व्यापारिक सफलता मिलेगी। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा, प्रेम- संतान का साथ होगा

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
आय के नए स्रोत बनेंगे, पुराने सोर्स से भी पैसे आएंगे। यात्रा का अत्यंत लाभकारी योग बनेगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
भाग्य साथ देगा। यात्रा का योग बनेगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे। स्वास्थ्य, प्रेम व व्यापार बहुत अच्छा रहेगा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
धन आगमन होगा। कुटुंबों में वृद्धि होगी। सधी हुई जुबान का प्रयोग करें। स्वास्थ्य, प्रेम व व्यापार बहुत अच्छा रहेगा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
व्यावसायिक सफलता मिलेगी। अपनों का साथ होगा। पराक्रम रंग लाएगा। स्वास्थ्य अच्छा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
खर्च की अधिकता रहेगी, यद्यपि शुभ कार्यों में खर्च होगा। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी है। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
ओजस्वी, तेजस्वी बने रहेंगे। आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे। शुभता के प्रतीक बने रहेंगे।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। नौकरी चाकरी की स्थिति बहुत अच्छी होगी। प्रेमी-प्रेमिका की मुलाकात होगी।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
शत्रु भी मित्रवत व्यवहार करेंगे। नतमस्तक हो जाएंगे। गुण-ज्ञान की प्राप्ति होगी। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
बच्चे आज्ञा का पालन करेंगे। प्रेम में नयापन रहेगा। कोई निर्णय ले पाएंगे। विद्यार्थियों के लिए अच्छा समय।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी का उत्तम योग बन रहा है। घर में कोई उत्सव संभव है।

# सपा ने धूमधाम से मनाई डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती




**नोएडा ( चेतना मंच )।** शिक्षक दिवस के अवसर पर सपा नोएडा महानगर संगठन ने महानगर अध्यक्ष डॉ आश्रय गुप्ता की अध्यक्षता में निठारी सेक्टर 31 में बीएस मेमोरियल स्कूल के प्रांगण में नोएडा महानगर शिक्षक सभा के अध्यक्ष राजेश अंबावत के नेतृत्व में भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती धूमधाम से मनाई।

इस मौके पर तीन शिक्षकों को अच्छे काम के लिए सम्मानित करने का भी काम किया गया। महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता ने कहा की शिक्षक छात्रों के जीवन का महत्वपूर्ण मार्गदर्शक बताया। शिक्षक छात्रों को भविष्य में सही राह दिखाते हैं और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम का संचालन महासचिव विकास यादव के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में रेशपाल अवाना,बबलू चौहान, मोहम्मद नौशाद,वीरपाल प्रधान,वीरपाल अवाना, गौरव कुमार यादव, भीष्म यादव, मुकेश यादव, टीटू यादव, एडवोकेट रणपाल अवाना,सतवीर यादव, बाबा जयवीर, लोकेश यादव, बबली शर्मा, राम सहेली, अमित बसोया, रोहित यादव, अमित यादव, नीरज, सौरभ, बिजेंद्र यादव, राज यादव, कृपा शंकर यादव, गुलजार अल्वी, विश्वास मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# जिम्स में हुआ मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नेशनल मेडिकोज़ ऑर्गेनाइजेशन (NMO) मेरठ प्रांत एवं राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स), ग्रेटर नोएडा के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षक दिवस के अवसर पर एक भव्य मेगा रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया।




कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्रोच्चार एवं एनएमओ मंत्र से हुआ। इस अवसर पर जिम्स के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. राकेश गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया, रक्तदाताओं को सम्मानित किया तथा विद्यार्थियों को नियमित रक्तदान हेतु प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने एक गाँव को गोद लेकर उसकी स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान का आह्वान भी किया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मेरठ प्रांत के शारीरिक प्रमुख धर्मेन्द्र धवल रहे। उन्होंने चिकित्सा छात्रों को राष्ट्र निर्माण एवं सेवा कार्यों में उनकी भूमिका पर प्रेरक विचार रखे और स्वयं रक्तदान कर सभी को प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर एनएमओ दिल्ली प्रांत अध्यक्ष एवं एम्स, नई दिल्ली के कम्युनिटी मेडिसिन विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. संजय राय ने समाज और राष्ट्र सेवा में स्वास्थ्य सेवा की भूमिका पर सारगर्भित विचार रखे। साथ ही एनएमओ पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्र के महासचिव डॉ. विनोद भी उपस्थित रहे।

एनएमओ मेरठ प्रांत के उपाध्यक्ष डॉ निधीश ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा प्रांत सचिव डॉ. विनय ने सभी अतिथियों एवं रक्तदाताओं का स्वागत किया और स्वयं रक्तदान कर शिविर की शुरुआत की। इसके पश्चात अनेक संकाय सदस्यों डॉ. कुलदीप, डॉ. अक्षय, डॉ भुवन ,डॉ. ब्रजेन्द्र (बुलंदशहर मेडिकल कॉलेज), डॉ. अजय (एनसीआर मेडिकल कॉलेज) के साथ-साथ पीजी रेजिडेंट डॉक्टरों एवं एमबीबीएस छात्रों एवं जिम्स के कर्मचारिओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया।

# संस्कार अध्ययन केन्द्र में मनाया गया शिक्षक सम्मान समारोह

**नोएडा ( चेतना मंच )।** संस्कार अध्ययन केन्द्र गढ़ी में शिक्षक दिवस समारोह बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने गीत, कविता और नृत्य प्रस्तुत कर अपने शिक्षकों के प्रति आभार और सम्मान व्यक्त किया।



इस अवसर पर बच्चों द्वारा चयनित तीन अध्यापिकाओं को उनके उत्कृष्ट शिक्षण एवं समर्पण के लिए बेस्ट टीचर्स एवार्ड से सम्मानित किया गया।

श्रीमती दीक्षा (संस्कार अध्ययन केन्द्र सरफाबाद), को डॉ. एन.के. अम्बष्ट के द्वारा सम्मानित किया गया। श्रीमती सीमा (संस्कार अध्ययन केन्द्र कोंडली) को वेद प्रकाश तथा राम किशन के द्वारा सम्मानित किया गया। श्रीमती प्रिंसी (संस्कार अध्ययन केन्द्र गढ़ी) को श्रीमती विभा बंसल के द्वारा सम्मानित किया गया। शिक्षक सम्मान समारोह के दौरान बच्चों ने फूल एवं कार्ड भेंट कर अपने भाव प्रकट किए।

इस अवसर पर लोकमंच के पदाधिकारी एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. एन.के. अम्बष्ट, महेश सक्सेना, श्रीमती जयश्री, श्रीमती विभा बंसल, आरएन श्रीवास्तव, मुकुल बजपाय, सुभाष सिंघल, कुशाग्र अवश्थी, श्रीमती लीका सक्सेना, वेद प्रकाश, राम किशन, श्रीमती मुक्ता, श्रीमती आशु, श्रीमती अल्का चौहान एवं मुकेश चंद शर्मा उपस्थित रहे।

# ब्रह्माकुमारीज़ ने शिक्षकों का किया सम्मान

**नोएडा ( चेतना मंच )।** शिक्षक दिवस के अवसर पर सेक्टर-46 स्थित ब्रह्माकुमारीज़ केंद्र द्वारा विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में शिक्षकों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य पर एस.डी. बाल विद्या मंदिर (सेक्टर-55), भवानी शंकर कॉलेज (सेक्टर-46) तथा नवजीवन स्कूल (भंगेल) में विशेष कार्यक्रम सम्पन्न हुए।



ब्रह्माकुमारी केंद्र की प्रभारी वरिष्ठ बहन बी.के. कीर्ति (लीना दीदी) ने शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान का प्रसार करने वाले ही नहीं, अपितु एक आदर्श और सशक्त समाज के निर्माण के सूत्रधार हैं।आज की प्रतिस्पर्धी दुनिया में यह और भी आवश्यक हो गया है कि शिक्षा केवल अंकों की दौड़ न होकर, मूल्यों के संचार का माध्यम बने। शिक्षा का उद्देश्य केवल बुद्धि-विकास नहीं, बल्कि आत्म-विकास और चरित्र-निर्माण भी होना चाहिए।

लीना दीदी ने कहा कि इस समस्त सृष्टि का वास्तविक सद्गुरु और सर्वोच्च शिक्षक स्वयं परमपिता परमात्मा ही हैं। साधारण शिक्षक हमें विषयगत ज्ञान देते हैं, परंतु परमात्मा हमें ऐसी शिक्षा प्रदान करते हैं जो जीवन पर्यन्त साथ देती है। कार्यक्रमों के दौरान शिक्षकों को पुष्प एवं सम्मान पत्र देकर उनके योगदान की सराहना की गई। इस अवसर पर विद्यालयों और महाविद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भी अपने विचार साझा किए। प्राचार्यों और शिक्षकों ने ब्रह्माकुमारीज़ संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम के लिए धन्यवाद दिया।

# बजरंग रामलीला संचालिका का भूमि पूजन सम्पन्न





**नोएडा ( चेतना मंच )।**

सेक्टर 12 में बजरंग रामलीला संचालिका समिति द्वारा रामलीला मंचन के भूमि पूजन में कांग्रेसी नेता अथिति के रूप में शामिल हुये एव भगवान श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर नॉएडा महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश यादव,वरिष्ठ नेता फिरे नागर, प्रदेश सचिव कोडिनेटर पुरुषोतम नागर, वरिष्ठ नेता पवन शर्मा, प्रदेश सदस्य यतेंद्र शर्मा, महासचिव दयाशंकर पांडेय, उपाध्यक्ष विक्रम चौधरी, समिति के निर्देशक अशोक पांडेय, अध्यक्ष कुलभूषण नागर, कमलाकर त्रिपाधि, एसएन पांडेय, गुरुदयाल, राधाकृष्ण गर्ग, सुनील सिन्हा, ब्लॉक अध्यक्ष राहुल पांडेय, सुभाष गोगना, निखिल द्विवेदी, संजीव द्विवेदी, नितिन पांडेय, गौरव गोगना सहित शहर के गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# कैब चालक ने निभाई ईमानदारी, सवारी का मोबाइल लौटाया

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा पुलिस की मदद से चेन्नई के व्यक्ति का मोबाइल फ़ोन कैब चालक ने वापस कर दिया। कैब चालक सुदेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वह कैब चलाते हैं चेन्नई के रहने वाले एक व्यक्ति ने उनकी कार को सेक्टर-125 में बुक किया था। इसी दौरान उनका मोबाइल फ़ोन कार में रह गया था। मोबाइल मालिक ने नोएडा के सेक्टर पुलिस से इस संबंध में सूचना दी थी।




सेक्टर-18 चौकी पर तैनात चौकी प्रभारी नवीन कुमार और सब इंस्पेक्टर सतनाम सिंह और कांस्टेबल कुशल पुनिया की थोड़ी सी कोशिश से मोबाइल मालिक का मोबाइल मिल गया जिसके बाद मोबाइल मालिक जीवा नड्डुम ने पुलिस और कैब चालक को बधाई दी। पुलिस ने बताया कि हमने कैब चालक से सम्पर्क किया और कैब चालक मोबाइल देने दिल्ली से नोएडा आ गया।




## पूर्वोत्तर रेलवे

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर/टी.आर.एस./पूर्वोत्तर रेलवे, लोको शेड गोण्डा द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है।

**निविदा सूचना संख्या एवं कार्य का नामः-** निविदा सूचना सं0- LS-GD-25-Ovh-Aux-Motor-R3, ''गोंडा और गोरखपुर शेड के पारंपरिक और 3 फेज इलेक्ट्रिक लोको के सहायक मोटर्स की ओवरहालिंग 2 वर्षों के लिए''। अनुमानित लागत (रू मे): ₹1,03,52,960.28, अग्रिम धन राशि (रू मे):- ₹2,01,800.00, निविदा की अवधिः- 24 माह,

नोटः-1. इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल ऑफर को उपेक्षित कर दिया जाएगा।
2.विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे कि वेबसाइट http://www.ireps.gov.in को देखें।

**समंविइं/टीआरएस, लोको शेड, मुजाधि/विद्युत-130 गोण्डा**

**गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।**

**दैनिक चेतना मंच**

**भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।**

**डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99**

**RNI No. 69950/98**

**स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।**

**संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी**

**Contact:** 0120-2518100, 4576372, 2518200

**Mo.:** 9811735566, 8750322340

**E-mail:** chetnamanch.pr@gmail.com, raghuvanshirampal365@gmail.com, raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in

www.chetnamanch.com

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता बुलन्दशहर वृत्त, लो0नि0वि0 बुलन्दशहर।

पत्रांक-6563/96 एम(iv)-बु0शहर वृत्त/2025-26 दिनांकः-25.08.2025

**अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बुलन्दशहर वृत, लो0नि0वि0, बुलन्दशहर द्वारा निम्नलिखित कार्य की प्रतिशत दर पर ऑनलाईन निविदा http://etender.up.nic.in के माध्यम से उक्त कार्य के लिये लोक निर्माण विभाग में तालिका के कॉलम 10 के अनुसार भवन कार्य में रजिस्टर्ड फर्म/ठेकेदार द्वारा दिनांक 10.09.2025 से 17.09.2025 तक अपरान्ह् 12:00 बजे तक उ0प्र0 सरकार से प्रचलित टी-2 के अनुसार आमंत्रित की जाती है। कार्य की तकनीकी निविदा दिनांक 17.09.2025 को अपरान्ह् 12:30 बजे खोली जायेगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैद्यता पूर्ववत् होगी। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय व तिथि वेबसाइट पर दर्शायी जायेगी।

| क्र. सं./ लॉट सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत ( रू0 लाख में ) | धरोहर धनराशि ( रू0 लाख में ) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी0 एस0 टी0 सहित ( रू0 में ) | सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता का पता | सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता | सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | जनपद गौतमबुद्धनगर में तहसील जेवर के ग्राम सिरसा-माचीपुर में मिनी स्टेडियम का निर्माण कार्य। | 126.00 | 8.30 | 09 माह | निविदा शुल्क 300+2000+18% जी0एस0टी0 रू0 414.0 = 2714.00 | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, गौतमबुद्धनगर | अधीक्षण अभियन्ता, बुलन्दशहर वृत्त, लो0नि0वि0, बुलन्दशहर | मुख्य अभियन्ता, मे0क्षे0, लो0नि0वि0 , मेरठ। | A, B भवन कार्य |
| 2 | जनपद गौतमबुद्धनगर में तहसील जेवर के ग्राम भवोकरा मे मिनी स्टेडियम का निर्माण कार्य। | 126.00 | 8.30 | 09 माह | निविदा शुल्क 300+2000+18% जी0एस0टी0 रू0 414.0 = 2714.00 | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, गौतमबुद्धनगर | अधीक्षण अभियन्ता, बुलन्दशहर वृत्त, लो0नि0वि0, बुलन्दशहर | मुख्य अभियन्ता, मे0क्षे0, लो0नि0वि0, मेरठ। | A, B भवन कार्य |
| 3 | जनपद गौतमबुद्धनगर में तहसील जेवर के ग्राम गोपालगढ में स्पोर्ट काम्पलैक्स का निर्माण कार्य। | 169.00 | 10.45 | 09 माह | निविदा शुल्क 300+2000+18% जी0एस0टी0 रू0 414.0 = 2714.00 | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, गौतमबुद्धनगर | अधीक्षण अभियन्ता, बुलन्दशहर वृत्त, लो0नि0वि0, बुलन्दशहर | मुख्य अभियन्ता, मे0क्षे0, लो0नि0वि0, मेरठ। | A, B भवन कार्य |
| 4 | पुलिस कमिश्नरेट, गौतमबुद्धनगर में पॉकेट-सी0, सेक्टर-20, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में साइबर थाना के प्रशासनिक भवन के निर्माण कार्य। | 228.50 | 13.43 | 12 माह | निविदा शुल्क 300+2000+18% जी0एस0टी0 रू0 414.0 = 2714.00 | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, गौतमबुद्धनगर | अधीक्षण अभियन्ता, बुलन्दशहर वृत्त, लो0नि0वि0, बुलन्दशहर | मुख्य अभियन्ता, मे0क्षे0, लो0नि0वि0, मेरठ। | A भवन कार्य |

1. कार्य को पूर्ण करने की अवधि उक्त तालिका के कॉलम सं0-5 में वर्षाकाल सहित अंकित है।
2. निविदा प्रपत्र शुल्क का भुगतान इन्टरनेट बैकिंग के माध्यम से किया जाना अनिवार्य होगा।
3. समस्त पंजीकृत ठेकेदारो द्वारा पिछले 5 वर्षो का टर्न ओवर जोकि सी0ए0 से सत्यापित हो, एवं पिछले 5 वर्षो से सन्तोषजनक रूप से किये गये अधिकतम लागत के कार्यों का विवरण चाणक्य सॉफ्टवेयर में निविदा डालने के पूर्व अपलोड किया जायेगा।
ई-निविदा, जोकि http://etender.up.nic.in पर अपलोड की जायेगी। उसका विवरण लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 के चाणक्य सॉफ्टवेयर में उपलब्ध सॉफ्टवेयर पर भी निविदा डालने की अन्तिम तिथि एवं समय से पूर्व अपलोड करना अनिवार्य होगा।
4. निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्ते तथा अन्य विवरण http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।
5. लोक निर्माण विभाग में निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से होना है। प्रहरी का यू0आर0एल http://wms.uppwd.gov.in/Prahari/ है।

**( कंचन सिंह )**
**अधिशासी अभियन्ता**
**प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,**
**गौतमबुद्धनगर**

www.upidadv.up.gov.in, Ro-237411 Dt. 02/09/2025

**( मनीष वर्मा )**
**अधीक्षण अभियन्ता**
**बुलन्दशहर वृत, लो0नि0वि0,**
**बुलन्दशहर**

# एमएलसी चुनाव को लेकर भाजपा की बैठक




**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** भाजपा जिला कार्यालय तिलपता गोलचक्कर पर शिक्षक एवं स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर जिला संयोजक, सह संयोजक, मंडल अध्यक्ष एवं मंडल संयोजक के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता भाजपा के जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने की बैठक का संचालन जिला महामंत्री दीपक भारद्वाज धर्मेन्द्र कोरी ने किया । बैठक में विस्तृत चुनावी रणनीति बनाई गई और हर बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने की योजना पर चर्चा हुई।

जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने कहा कि सभी पदाधिकारियों ने मिलकर यह संकल्प लिया कि आने वाले चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक विजय दिलाई जाएगी।माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में भाजपा का एक ही लक्ष्य है-चुनाव में प्रचंड जीत और संगठन को मज़बूत बनाना। कार्यकर्ताओं के उत्साह और जनता के विश्वास के बल पर जीत निश्चित है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला महामंत्री धर्मेन्द्र कोरी दीपक भारद्वाज राहुल पंडित इन्द्र नागर रवि जिंदल मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य चन्द्रमणि भारद्वाज अर्पित तिवारी राजीव सिंघल सुनील ठाकुर गजेन्द्र वाल्मीकि संजय भाटी विशाल कुमार आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# ईद मिलाद उल नबी के मौके पर निकाला जुलूस



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।**

दादरी में ईद मिलाद उल नबी के मौके पर मुस्तफा मस्जिद किदवई नगर दादरी से जुलूस निकाला गया जिसमें हाजी शरीफ पाली वाले सदर मुस्तफा मस्जिद पूरे परिवार के साथ और वसील अहमद भावी चैयरमेन पद के प्रत्यासी पूर्व जिलाध्यक्ष कांग्रेस सेवा दल सुफी हाकम अली आसु सैफी बिजली वाले तौफीक मलिक सभासद वार्ड 20 नईम बैट्री, इमाम सैफी साबिर सैफी पाली वाले आबिद सैफी डॉक्टर अनीश अहमद साहब इकलाख अब्बासी हसमू नेताजी, अजीम सलमानी, नदीम प्रधान असलम सैफी और शहर के सैकड़ों जिम्मेदार सामाजिक व्यक्तियों की मौजूदगी रही।

# रोटरी क्लब ने बाढ़ पीड़ितों को बांटी सामग्री




**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** रोटरी क्लब ग्रेटर नोएडा द्वारा समय समय पर ज़रूरतमंदों की सहायता की जाती रही है। इसी क्रम में कल बाढ़ से पीड़ित परिवारों को खाद्य सामग्री, दवाई व महिलाओं को सैनेट्री पैड वितरित किए गए।

गौतमबुद्धनगर के हजारों लोग भी इस समय अपने घर से बेघर हो गए हैं जिनको प्रशासन द्वारा सेक्टर 150,135,159 वि अन्य स्थानों पर रखा गया है ।

वितरण कार्यक्रम में क्लब से डा. कमल त्यागी, मुकुल गोयल, कपिल गर्ग, उदित गोयल, चेतन शर्मा आदि का सहयोग रहा। प्रशासन की ओर से नायब तहसीलदार ज्योत्सना, मनोज बाबू, जितेंद्र कुमार, सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षामित्रों ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के प्रांतीय आवाहन पर कल शिक्षक दिवस पर शिक्षामित्रों ने अपनी मांगों को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजा।

जबकि उत्तर प्रदेश के प्राथमिक विद्यालय में विगत 25 वर्षों से निष्ठा पूर्वक शिक्षण कार्य कर रहे शिक्षामित्र जो कि स्नातक बीटीसी टीईटी व सी टीईटी उतीर्ण हैं। महंगाई के इस दौर में शिक्षामित्र को मात्र 10000 मानदेय मिल रहा है जिससे शिक्षामित्र के परिवार का पालन पोषण नहीं हो पा रहा है। इस कारण उत्तर प्रदेश के शिक्षामित्र आर्थिक एवं मानसिक रूप परेशान हैं जो सरकार के लिए बहुत ही सोचनीय विषय है। शिक्षामित्रों की



समस्याओं को को लेकर जिला अध्यक्ष जगवीर भाटी के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारीयों ने उपजिला अधिकारी वेद प्रकाश पांडे को ज्ञापन सौंपा जिसमें प्रमुख मांगे हैं।

शिक्षामित्र को नई शिक्षा नीति में सम्मिलित करते हुए स्थाई किया जाए, स्थाईकरण होने तक समान कार्य समान वेतन दिया जाए

शिक्षामित्र को भी शिक्षकों की तरह ही सुविधा दी जाए

उत्तर प्रदेश के टेट पास शिक्षामित्रों को सीधे सहायक अध्यापक पद पर नियुक्त किया जाए

शिक्षामित्रों को आयुष्मान योजना में सम्मिलित करते हुए मेडिकल सुविधाप्रदान की जाए।

इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष जेवर रवि करण, ब्लॉक अध्यक्ष दनकौर बाल किशन शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष दादरी नरेश खारी, ब्लॉक अध्यक्ष बिसरख सनोज कुमार, बिसरख महिला अध्यक्ष श्रीमती रजनी शर्मा, लक्ष्मी आदि लोग मौजूद रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने रखा सामूहिक उपवास




**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** पुरानी पेंशन की मांग को लेकर अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश जनपद गौतम बुध नगर द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के आवाह्न पर जिले शिक्षक, कर्मचारी यो सामूहिक उपवास रखा।

इस अवसर पर जिला संयोजक रविंद्र सिंह कि आज पूरे राष्ट्र में पुरानी पेंशन की मांग को लेकर शिक्षक कर्मचारी उपवास कर रहे हैं आगामी 25 नवंबर को सभी कर्मचारी ,शिक्षक दिल्ली में धरना प्रदर्शन करेंगे। पुरानी पेंशन बहाली मंच की जिला महामंत्री जगवीर भाटी ने बताया कि पुरानी पेंशन प्रत्येक शिक्षक, कर्मचारी का हक है उसे मिलना चाहिए

गौतमबुद्ध नगर जिला महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष नौरंगी सिंह कहा कि आप सभी लोग भी अपने हिस्से की लड़ाई जरूर लडे ।संघ के जिला संयुक्त मंत्री आशीष श्रीवास्तव ने कहा पुरानी पेंशन हमारी बुढ़ापे की लाठी, हमारा है। पुरानी पेंशन हम लेके रहेंगे।

ब्लॉक अध्यक्ष जेवर वीरेंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि जब तक पुरानी पेंशन मिल नहीं जाती है तब तक संघर्ष जारी रहेगा।




## पृष्ठ एक के शेष....

**विधायक पंकज सिंह ने.....**

उन्होंने बताया कि इस विषय पर उनकी मुख्यमंत्री से विस्तृत चर्चा हुई है। कुछ बिल्डरों ने प्राधिकरण की योजना के अंतर्गत राशि जमा कर दी है, जिससे उन फ्लैटों की रजिस्ट्री प्रारंभ हो चुकी है, और शेष फ्लैटों की रजिस्ट्री का समाधान भी बहुत शीघ्र किया जाएगा।

इस अवसर पर पंकज सिंह ने नेक्स्ट-जनरेशन जीएसटी सुधार लागू करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक कदम Ease of Living और Ease of Doing Business को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगा और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और गति मिलेगी।

कार्यक्रम में महामंत्री चंदगीराम यादव, अमित त्यागी, महेश अवाना, रामकिशन यादव , प्रदीप गोयल, के डी खुराना, नीरज त्यागी, सचिन मलिक, महेश त्यागी, आतिश मोहन्ती, आर पी सिंह, के.एस. रावत, सर्वेश सिंह, हीरालाल अग्रवाल, करतार चौहान, नमिता चौबे, रवि यादव, घनश्याम यादव, धर्मेंद्र चौहान, विपुल शर्मा, बबलू यादव, ठाकुर अतुल सिंह, गोपाल गौड, भगत भाटी, संदीप उपाध्याय, कपिल मेहरा, पुनीत शर्मा, निधि त्यागी, अतुल त्यागी, नोएडा प्राधिकरण से आर के अरोड़ा सहित तमाम अधिकारीगण एवं सोसाइटियों के निवासी उपस्थित रहे।

**ग्रामीण जनता बस सेवा....**

परिवहन विभाग चुनौतियों से जूझने के लिए तैयार है। फाइल लटकाने की आदत खत्म करनी होगी। समय की प्रतिबद्धता तय करनी होगी।।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुंभ और कोरोना के दौरान परिवहन विभाग ने करके दिखाया है। उस वक्त यूपी वासियों को उनके गांव तक पहुंचाया। उत्तराखंड के प्रवासी को भी पहुंचाया। चालक-परिचालकों ने सफलता पूर्वक पहुंचाया।

महाकुंभ में भी परिवहन विभाग ने 45 दिन में तमाम लोगों की सेवा की। उन्हें पुण्य कमाने में मदद की। रेलवे स्टेशन से लोगों को बाहर पहुंचने में मदद की। परिवहन विभाग हमेशा प्रदेश के अंदर समय का साथी है।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि परिवहन सेवाओं को बेहतर बनाया जा रहा है। आज कई नई परियोजनाएं शुरू हो रही हैं। कामन सर्विस सेंटर पर लोग परिवहन की सेवा ले सकेंगे।

आईआईटी, खड़गपुर के साथ M O U होना तकनीकी रूप से समृद्ध करेगा। 149 यात्री के लिए अहम है। यह मददगार साबित होगा। आज सात बस स्टेशन का शिलान्यास हो रहा है। 54 अन्य वर्ड क्लास स्टेशन बनेंगे।

**बाढ़ प्रभावितों को...**

2978233 जारी किए गए हैं। अब तक दादरी क्षेत्र में 182 और सदर क्षेत्र में 410 राहत किट वितरित की जा चुकी हैं। राहत एवं बचाव कार्यों के लिए एनडीआरएफ की एक टीम तहसील जेवर मेहंदीपुर में, एसडीआरएफ की एक टीम तहसील सदर सेक्टर-135 में, पीएसी 44 बटालियन की एक टीम नॉलेज पार्क क्षेत्र में तथा अग्निशमन और एसडीआरएफ की टीम तहसील दादरी सेक्टर-128 में तैनात है। कुल पांच टीमें और 14 बोटें रेस्क्यू कार्य में लगी हैं, जिनके साथ आपदा मित्र और होमगार्ड भी तैनात किए गए हैं।

स्वास्थ्य विभाग की छह मेडिकल रेस्पॉन्स टीमें शरणालयों में निवास कर रहे लोगों को एंटी स्नेक वेनम समेत सभी आवश्यक दवाएँ उपलब्ध करा रही हैं। पशुओं की सुरक्षा हेतु सेक्टर-135 ग्रीन बेल्ट पुश्ता रोड पर बनाए गए पशु शिविर में अब तक लगभग 1471 गौवंश को सुरक्षित रखा गया है।

जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि नदी और नालों के किनारे न जाएँ, अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी आपात स्थिति में बाढ़ कंट्रोल रूम के नंबर पर संपर्क करें। विस्थापित लोग शरणालयों में ही रहें और पशुपालक अपने मवेशियों को प्रशासन द्वारा बनाए गए शिविरों में भेजें।

**कार से लैपटॉप...**

पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेज को खंगाल कर चोर की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

साइबर ठगों ने बैंक....

नहीं किया गया है और ना ही इसमें उसकी सहमति थी। बैंक में शिकायत दर्ज करने के पश्चात उसने तुरंत भारत सरकार के राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर इसकी शिकायत दर्ज कराई। इसके अलावा उसने नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन आफ इंडिया एनपीसीआई को भी इस धोखाधड़ी की सूचना दी। पीड़ित का कहना है कि सुनियोजित साइबर धोखाधड़ी के तहत उसके खाते से यह निकासी हुई है। पीड़ित ने भविष्य में भी अपने खाते को असुरक्षित बताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है। इस मामले में साइबर सेल की भी मदद ली जा रही है।

**कड़ी सुरक्षा में....**

से गुजरना पड़ा। प्रदेश में समूह ग की परीक्षाओं के लिए अर्हकारी प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) का आयोजन प्रदेश के 48 जिलों में शनिवार व रविवार को किया जा रहा है।

परीक्षा को निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से आयोजित कराने के लिए 2958 स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट और अन्य 1,64,615 कार्मिकों की तैनाती की गई है। सेक्टर मजिस्ट्रेट व स्टैटिक मजिस्ट्रेट आवंटित परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करा रहे हैं। परीक्षा अवधि में निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जाएगी। परीक्षा पर आयोग मुख्यालय और जिला मुख्यालयों पर बने केंद्रों से सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लाइव निगरानी भी की जाएगी। पुलिस, एसटीएफ व एलआईयू भी परीक्षा की निगरानी कर रहे हैं।

# खुलेआम जुआ खेलते गिरफ्तार

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-49 पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे चार जुआरियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से ताश की गाड़ी व दाव पर लगी नगदी बरामद हुई है। थाना प्रभारी अनुज सैनी ने बताया कि पुलिस टीम गस्त पर थी। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी की शमशान घाट के पीछे खाली मैदान में कुछ व्यक्ति हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर जुआ खेल रहे जुआरी भागने लगे। पुलिस कर्मियों ने दौड़ा कर जुआरियों को दबोच लिया। इनके पास से ताश की गड्डी व 2520 रुपए बरामद हुए। पूछताछ में पकड़े गए जुआरियों ने अपने नाम रविंद्र, करण राणा, व पंचम सिंह बताया। पकड़े गए जुआरियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है।

# अवैध हथियार के साथ पकड़ा बदमाश

**नोएडा (चेतना मंच)।** अवैध असलाह लेकर आपराधिक वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहे एक बदमाश को थाना सेक्टर 49 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाश के पास से तमंचा कारतूस बरामद हुए हैं।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम गस्त पर थी इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि सेक्टर 50 बिजली घर के पास एक व्यक्ति अवैध हथियार लिए खड़ा हुआ है। वह किसी आपराधिक वारदात को अंजाम दे सकता है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर उक्त व्यक्ति को दबोच लिया।

तलाशी में उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम श्याम पुत्र राम किशोर निवासी अलीगढ़ बताया। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है।

# सूर्य सबसे हाई! 2021 से टी20 में बरसाए सबसे ज्यादा छक्के, बुमराह ने गेंदबाजी में राशिद को पछाड़ा







नई दिल्ली, 6 सितंबर (एजेंसियां)। एशिया कप की शुरुआत में अब एक हफ्ते से कम का वक्त बचा है। नौ सितंबर से आठ टीमों के बीच ट्रॉफी की जंग शुरू हो जाएगा। भारत अपने अभियान का आगाज 10 सितंबर से यूएई के खिलाफ मैच से करेगा। आगामी टूर्नामेंट में भारत के नेतृत्व की जिम्मेदारी सूर्यकुमार यादव के कंधों पर है, जिनका जोश हमेशा से हाई रहता है। वह विपक्षी टीमों के लिए किसी काल से कम नहीं हैं। वहीं, भारतीय गेंदबाजी आक्रमण का जिम्मा जसप्रीत बुमराह करेंगे। उनकी टीम में मौजूदगी ही विपक्षी टीमों के लिए किसी खौफनाक साए से कम नहीं है। यह बात हम नहीं...बल्कि आंकड़े कह रहे हैं।

### इस मामले में सूर्या के आगे कोई नहीं

भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव इस प्रारूप के बादशाह हैं। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाज से कई बार इसे साबित भी किया है। उन्होंने दमदार पारियों की मदद से संदेश दिया है कि किसी गेंदबाज का उनके आगे टिकना कितना मुश्किल है। आंकड़ों पर नजर डालें तो, 34 वर्षीय बल्लेबाज ने 2021 से अब तक टी20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वाधिक छक्के लगाए हैं। उनके नाम 146 छक्के दर्ज हैं। इस मामले में दूसरे स्थान पर निकोलस पूरन हैं, जिन्होंने 130 छक्के ठोके। तीसरे स्थान पर जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा और वेस्टइंडीज के रोवमैन पॉवेल संयुक्त रूप से मौजूद हैं। दोनों के नाम 112 छक्के दर्ज हैं। चौथे पायदान पर इंग्लैंड के धमाकेदार बल्लेबाज जोस बटलर हैं, जिन्होंने 96 छक्के लगाए हैं। अब एशिया कप में प्रशंसकों को सूर्यकुमार यादव से दमदार प्रदर्शन की उम्मीद है।

### बुमराह क्यों हैं सबसे घातक?

भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी किफायती गेंदबाज से अच्छे अच्छों को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने 2021 से अब तक इस प्रारूप में कुल 30 विकेट झटके हैं और उनका गेंदबाजी औसत 12.8 व इकोनॉमी रेट केवल 5.3 रहा है। बुमराह के बाद अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान दूसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने 78 विकेट चटकाए और उनका इकोनॉमी रेट 6.0 रहा। तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के एश्टन एगर हैं जिन्होंने 26.5 के औसत और 6.1 की इकोनॉमी से 19 विकेट झटके हैं। पाकिस्तान के इमाद वसीम चौथे स्थान पर हैं। उन्होंने कुल 26 विकेट 19.9 के औसत और 6.2 के इकोनॉमी रेट से झटके हैं। पांचवें पायदान पर भारत के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव हैं, जिन्होंने कुल 30 विकेट हासिल किए हैं। उनका गेंदबाजी औसत 14.5 का रहा है जबकि इकोनॉमी 6.4 की रही है।

# ब्लॉन्ड हेयर..गले पर टैटू, आपने देखा क्या हार्दिक का नया लुक?

## एशिया कप के लिए दुबई पहुंची भारतीय टीम







दुबई , 6 सितंबर (एजेंसियां)। एशिया कप 2025 का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। नौ सितंबर से आठ टीमों के बीच खिताब की जंग शुरू हो जाएगा। गत विजेता भारत अपने अभियान की शुरुआत 10 सितंबर से करेगा। गुरुवार को कप्तान सूर्यकुमार सहित कई भारतीय क्रिकेटर दुबई पहुंच गए। भारतीय टीम नई जर्सी और नए तेवर के साथ आठ टीमों के टूर्नामेंट में उतरेगी। पहली बार खिलाड़ी अपने-अपने शहरों से दुबई पहुंच रहे हैं। यहां पहुंचने वाले क्रिकेटरों में हार्दिक, रिंकू, अभिषेक, हर्षित राणा, शिवम दुबे, कुलदीप यादव और कोच सितांशु कोटक शामिल हैं।

### एशिया कप से पहले नए लुक में नजर आए पांड्या

भारत ग्रुप ए में पाकिस्तान, ओमान और यूएई के साथ है। भारत को पहला मैच 10 सितंबर को यूएई से खेलना है जबकि पाकिस्तान से मैच 14 सितंबर को होगा। ग्रुप दौर का अंतिम मैच 19 को ओमान से होगा। टूर्नामेंट से पहले भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या का नया लुक चर्चा में है। ब्लॉन्ड हेयर और गले पर टैटू के साथ वह सोशल मीडिया पर अपनी स्मार्टनेस से धमाल मचा रहे हैं। उन्होंने अपने इस नए लुक की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं।

### 11-20 ओवर के बीच सर्वाधिक T20I रन बनाने वाले पांच बल्लेबाज

आगामी टूर्नामेंट में प्रशंसकों को स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या से दमदार प्रदर्शन की उम्मीद है। वह मिडिल ओवर्स से डेथ ओवर्स तक भारतीय टीम के लिए काफी उपयोगी साबित हो सकते हैं। रिकॉर्ड्स पर नजर डालें तो, किसी मैच में 11-20 ओवर के बीच बल्लेबाजी के लिए आए खिलाड़ियों की सूची में हार्दिक पांड्या हैं। उन्होंने 58 पारियों में 1123 रन बनाए हैं। इस मामले में दूसरे स्थान पर डेविड मिलर हैं, जिन्होंने 57 पारियों में 142.8 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 1018 रन बनाए। तीसरे स्थान पर मोहम्मद नबी हैं। उन्होंने 67 पारियों में 954 रन बनाए। चौथे पायदान पर पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी हैं, जिन्होंने 56 पारियों में 142 के स्ट्राइक रेट से 930 रन बनाए। वहीं, महमुदुल्लाह पांचवें स्थान पर हैं। उन्होंने 52 पारियों में 841 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 135.7 का रहा।

**एशिया कप 2025 - फोटो : अमर उजाला**

भारतीय टीमः सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, संजू सैमसन, हर्षित राणा, रिंकू सिंह। रिजर्वः प्रसिद्ध कृष्णा, वाशिंगटन सुंदर, यशस्वी जयसवाल, रियान पराग और ध्रुव जुरेल।

# इंग्लैंड में साउथ अफ्रीका 27 साल बाद वनडे सीरीज जीता




लॉर्ड्स, 6 सितंबर (एजेंसियां)। साउथ अफ्रीका ने दूसरे वनडे में इंग्लैंड को 5 रन से हरा दिया। टीम को तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त मिल गई और सीरीज अपने नाम कर ली। इसी के साथ साउथ अफ्रीका ने इंग्लैंड में 27 साल बाद वनडे सीरीज जीत ली है। इससे पहले, आखिरी बार 1998 में जीती थी।

गुरुवार को लॉर्ड्स में खेले गए मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट खोकर 330 रन बनाए। 331 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम 50 ओवर में 9 विकेट पर 325 रन ही बना सकी और 5 रन से मैच हार गई।

साउथ अफ्रीका की ओर से मैथ्यू ब्रीट्जके (85) और ने ट्रिस्टन स्टब्स (58) ने अर्धशतक लगाए। ब्रीट्जके इस पारी के साथ ही वनडे में अपने पहले पांच मैचों में लगातार 50+ रन बनाने वाले वर्ल्ड के पहले खिलाड़ी बन गए।

### ब्रीट्जके-स्टब्स के बीच 147 रन की साझेदारी हुई


इंग्लिस टीम ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। साउथ अफ्रीका ने 50 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 330 रन बनाए और इंग्लैंड को 331 रन का टारगेट दिया। टीम के लिए मैथ्यू ब्रीट्जके ने 85, ट्रिस्टन स्टब्स ने 58 और डेवाल्ड ब्रेविस ने महज 20 बॉल पर 4रन बनाए। रयान रिकेल्टन ने 35 और कॉर्बिन बॉश ने नाबाद 32 रन बनाए। ब्रीट्जके और स्टब्स के बीच चौथे विकेट के लिए 126 बॉल पर 147 रन की साझेदारी हुई।

इंग्लैंड की ओर से तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने 4 विकेट झटके। आदिल रशीद ने 2 विकेट लिए। जैकब बेथल को 1 विकेट मिला।

### इंग्लैंड टीम की ओर से भी तीन अर्धशतक लगे

टारगेट का पीछा करने उतरी इंग्लैंड टीम की ओर से भी तीन अर्धशतक लगे। हालांकि, टीम महज 5 रन से मुकाबला हार गई। जो रूट ने 61, जोस बटलर ने 61 और जैकब बेथल ने 58 रन की पारी खेली। विल जैक्स ने 39 और हैरी ब्रुक ने 33 रन का योगदान दिया। साउथ अफ्रीका की तरफ से नांद्रे बर्गर ने तीन और केशव महाराज ने 2 विकेट लिए। लुंगी एनगिडी, कॉर्बिन बॉश और सेनुरन मुथुसामी को 1-1 विकेट मिला।

# टी20 से संन्यास की बात टीम के साथियों को बताना भूल गए थे स्टार्क, अब कप्तान से मांगी माफी




नई दिल्ली, 6 सितंबर (एजेंसियां)। हाल ही में टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास लेने वाले ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क का कहना है कि वह संन्यास की खबर अपने टीम के साथियों को बताना भूल गए थे। स्टार्क ने टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूप छोड़ने का फैसला मुख्य रूप से अपने टेस्ट क्रिकेट करियर को आगे बढ़ाने और आगामी 2027 वनडे विश्व कप के लिए खुद को ताजा और फिट बनाए रखने के लक्ष्य से लिया था।

स्टार्क ने अब खुलासा किया है कि उन्होंने मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड और तेज गेंदबाज पैट कमिंस और जोश हेजलवुड से इस बारे में बात की थी, लेकिन वह टी20 कप्तान मिचेल मार्श को संन्यास के बारे में बताना भूल गए थे, जिन्हें यह खबर ऑनलाइन के जरिये पता चली। स्टार्क ने कहा, मुझे मार्श को बताना चाहिए था। उसने मुझे मैसेज करके बताया कि उसे इंस्टाग्राम के जरिए पता चला। मुझे इस बात का बुरा लगा कि मैंने कप्तान को नहीं बताया। माफ करना मार्श। मैंने उन्हें बता दिया था, मैंने उनसे पूछा नहीं था। मैंने एंड्रयू मैकडोनाल्ड से बात की थी और फिर उन दोनों को बताया कि मैं टी20 अंतरराष्ट्रीय से अलविदा ले रहा हूं।

### स्टार्क का टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर

स्टार्क (35 वर्ष) ने अपने T20I करियर में कुल 65 मैच खेले और 79 विकेट हासिल किए। यह आंकड़ा उन्हें ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे सफल तेज गेंदबाज बनाता है। स्पिनर एडम जैम्पा ही उनसे आगे हैं। स्टार्क 2021 में दुबई में खेले गए टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की खिताबी जीत में अहम योगदान देने वाले खिलाड़ियों में से एक थे। लंबे समय से वे टेस्ट क्रिकेट को अपनी प्राथमिकता बताते आए हैं।

# महिला विश्व कप के उद्घाटन में श्रेया घोषाल गायेंगी गाना



मुंबई, 6 सितंबर (एजेंसियां)। इसी महीने महिला वनडे विश्व कप का आगाज होने जा रहा है। भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में खेला जाने वाले इस टूर्नामेंट को जीतकर भारतीय महिला क्रिकेट टीम आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को खत्म करना चाहेगी। इससे पहले फैंस के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। स्टार गायिका श्रेया घोषाल इस बार महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के उद्घाटन समारोह में सुरों का जादू बिखेरेंगी।

### ऑफिशियल एंथम भी श्रेया की आवाज में

30 सितंबर को गुवाहाटी में भारत और श्रीलंका के बीच होने वाले उद्घाटन मैच से पहले उनका लाइव परफॉर्मेंस होगा। खास बात यह है कि उन्होंने टूर्नामेंट का ऑफिशियल एंथम सॉन्ग 'ब्रिंग इट होम' को भी आवाज दिया है। समारोह में थीमैटिक विजुअल्स और ऑन-ग्राउंड एक्टिवेशन के साथ उनका शो भव्य अंदाज में पेश किया जाएगा।

### टिकट बिक्री में नया इतिहास

आईसीसी ने महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के टिकटों की बिक्री रिकॉर्ड कम दामों पर शुरू की है। पहली बार किसी आईसीसी ग्लोबल इवेंट के टिकट इतने सस्ते उपलब्ध कराए जा रहे हैं। भारत और श्रीलंका में होने वाले ग्रुप स्टेज मैचों के टिकट मात्र100 रुपये (लगभग 1.14 यूएस डॉलर) से शुरू होंगे।

### इस एप पर एक्सक्लूसिव प्री-सेल

टिकटों की बिक्री का पहला चरण चार सितंबर शाम सात बजे से गूगल पे के जरिए शुरू हो चुका है। यह प्री-सेल चार दिनों तक चलेगी और टिकट्स क्रिकेट वर्ल्ड कप डॉट कॉम वेबसाइट पर उपलब्ध रहेंगे। इस विंडो के बाद नौ सितंबर रात आठ बजे से टिकटों का दूसरा चरण शुरू होगा, जिसमें सभी फैंस सीधे टिकट खरीद सकेंगे।

### गूगल के साथ ऐतिहासिक साझेदारी

आईसीसी ने हाल ही में गूगल के साथ महिला क्रिकेट के लिए ऐतिहासिक साझेदारी की है। यह साझेदारी महिलाओं के क्रिकेट को वैश्विक स्तर पर और ज्यादा लोकप्रिय बनाने में मदद करेगी। टिकट प्री-सेल का पहला चरण इसी साझेदारी का हिस्सा है, जिससे फैंस को आसान और सस्ता विकल्प मिल रहा है।

### टूर्नामेंट का रोमांच और पुरस्कार राशि

महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 भारत में 12 साल बाद आयोजित हो रहा है। कुल आठ टीमें खिताब जीतने के लिए भिड़ेंगी। इस बार की इनामी राशि रिकॉर्ड स्तर पर रखी गई है। इस टूर्नामेंट की कुल प्राइज मनी 13.88 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 122.5 करोड़ रुपये) होगी, जो 2022 में न्यूजीलैंड में हुए पिछले वर्ल्ड कप (3.5 मिलियन डॉलर यानी 31 करोड़ रुपये) से लगभग तीन गुना ज्यादा है। यह इनामी राशि पुरुष वर्ल्ड कप 2023 (10 मिलियन डॉलर यानी 88.26 करोड़ रुपये) से भी ज्यादा है।

# मेसी बोले- मेरा अगला वर्ल्ड कप खेलना मुश्किल

## मैच के बाद इमोशनल नजर आए, अर्जेंटीना ने वेनेजुएला को 3-0 से हराया






वेनेजुएला, सितंबर (एजेंसियां)। अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी गुरुवार को वेनेजुएला के खिलाफ खेले गए मैच के बाद इमोशनल नजर आए। FIFA वर्ल्ड कप 2026 में खेलने को लेकर उन्होंने कहा, देखते हैं। जैसा कि मैंने पहले ही वर्ल्ड कप के बारे में कहा था, मुझे नहीं लगता कि मैं खेल पाऊंगा। इसकी मुख्य वजह मेरी उम्र है, जिसके कारण मैं इसमें शामिल नहीं हो पाऊंगा। लेकिन, मैं इसे खेलने के लिए उत्साहित और प्रेरित हूं।

### मेसी का अर्जेंटीना में आखिरी मुकाबला

ब्यूनस आयर्स में खेले गए मैच में अर्जेंटीना ने वेनेजुएला को 3-0 से हराया। मेसी का घर (अर्जेंटीना) पर यह आखिरी मुकाबला था।

मेसी ने मैच के बाद कहा, यहां बहुत सारी भावनाएं हैं, मैंने इस मैदान पर बहुत कुछ अनुभव किया है। अर्जेंटीना में अपने लोगों के साथ खेलना हमेशा खुशी देता है। हम कई सालों से एक-एक मैच का आनंद ले रहे हैं। मैं बहुत खुश हूं, यहां इस तरह से खत्म कर पाना वही है जिसका मैंने हमेशा सपना देखा था।

### मेसी ने दो गोल दिए

मैच की शुरुआत से ही मेसी पूरे फॉर्म में नजर आए। उन्होंने 39वें मिनट में गोल करते हुए स्कोर को 1-0 कर दिया। इसके बाद 76वें मिनट में लौटारो मार्टिनेज ने गोल दागा। वहीं मेसी दूसरे हाफ में भी उसी फॉर्म में नजर आए। उन्होंने 80वें मिनट में गोल कर स्कोर 3-0 कर दिया।

### दिसंबर में भारत आएंगे मेसी

38 साल के मेसी दिसंबर में भारत दौरे पर आएंगे। टूर की शुरुआत 12 दिसंबर को कोलकाता से होगी। इसके बाद वे अहमदाबाद, मुंबई और दिल्ली जाएंगे।

दौरा 15 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के साथ खत्म होगा। 2011 के बाद वे पहली बार भारत आ रहे हैं। उस वक्त मेसी अर्जेंटीना टीम के साथ कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में वेनेजुएला के खिलाफ एक दोस्ताना मैच खेलने आए थे।

# फाइनल में जगह बनाने से एक कदम दूर भारतीय पुरुष हॉकी टीम, आज चीन से होगा मुकाबला




राजगीर, 6 सितंबर (एजेंसियां)। अच्छी लय में नजर आ रही भारतीय पुरुष हॉकी टीम एशिया कप के फाइनल में जगह बनाने से एक कदम दूर है। भारत ने सुपर चार चरण के मैच में मलयेशिया के खिलाफ दमदार प्रदर्शन किया था और अब शनिवार को उसका सामना चीन से होगा। मलयेशिया के खिलाफ जीत के साथ ही भारत ने फाइनल की ओर कदम बढ़ा दिए थे, लेकिन चीन के खिलाफ जीत हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम को खिताबी मैच का टिकट दिला सकती है।

### फिलहाल शीर्ष पर है भारत

भारत दो मैचों में चार अंक लेकर शीर्ष पर है, जबकि चीन और मलयेशिया के तीन अंक है। कोरिया एक अंक लेकर फाइनल की दौड़ से बाहर हो गया है। सुपर 4 चरण से शीर्ष दो टीमें फाइनल में जाएंगी और भारत के लिए एक ड्रॉ भी काफी होगा। कोरिया के खिलाफ औसत प्रदर्शन के बाद भारत ने मलयेशिया के खिलाफ बेहतर खेल दिखाया हालांकि शुरुआत बहुत अच्छी नहीं रही। भारत ने शुरुआती गोल गंवा दिया लेकिन इसके बाद शानदार वापसी की।

टूर्नामेंट में अभी तक मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद और राजिंदर सिंह ने मिडफील्ड में अच्छा खेल दिखाया है। मलयेशिया के खिलाफ फॉरवर्ड पंक्ति से उनका तालमेल कमाल का था। हार्दिक ने खास तौर पर तेज ड्रिबलिंग और अकेले गेंद लेकर दौड़ते हुए कई मौके बनाए। मनप्रीत ने दिखा दिया कि अभी भी उनके भीतर जीत की भूख कम नहीं हुई है। उन्होंने न सिर्फ मौके बनाए बल्कि गोल के सूत्रधार भी रहे।

दूसरी ओर पूल चरण में भारत से 3-4 से हारने के बाद से चीन ने अपने प्रदर्शन में काफी सुधार किया है। लिहाजा भारतीय टीम को एहतियात बरतनी होगी क्योंकि मामूली सी गलती से अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालिफाई करने की उम्मीदों पर पानी फिर सकता है। सुपर 4 चरण के एक अन्य मैच में मलयेशिया का सामना दक्षिण कोरिया से होगा।

# यूएस ओपन : युकी भांबरी-वीन्स की जोड़ी सेमीफाइनल में हारी

## सबालेंका फाइनल में पहुंची; सेमीफाइनल में जेसिका पेगुला को हराया



न्यूयॉर्क के फ्लशिंग मीडोज में चल रहे यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल सेमीफाइनल में भारत की उम्मीदें खत्म हो गई है।

युकी भांबरी और उनके न्यूजीलैंड के जोड़ीदार माइकल वीनस को हार का सामना करना पड़ा। सेमीफाइनल में ब्रिटिश जोड़ी जो सैलिसबरी और नील स्कुप्स्की ने 6(2)-7, 7-6(5), 6-4 से हराया।

### पहले सेट में हार के बाद इंग्लिश जोड़ी ने वापसी की

मैच की शुरुआत में दोनों जोड़ियों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। पहले सेट में स्कोर 3-3 से बराबर था। भांबरी और वीनस ने धीरे-धीरे बढ़त बनाई और सेट को टाई-ब्रेकर तक ले गए। टाई-ब्रेकर में भारतीय-न्यूजीलैंड जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7-2 से जीत हासिल की और पहला सेट अपने नाम किया।

दूसरे सेट में भांबरी और वीनस ने शुरुआत में ब्रेक लेकर बढ़त बना ली। हालांकि, सैलिसबरी और स्कुप्स्की ने हार नहीं मानी और वापसी करते हुए सेट को टाई-ब्रेकर में पहुंचाया। इस बार ब्रिटिश जोड़ी ने टाई-ब्रेकर 7-5 से जीता और मैच को बराबरी पर ला दिया।

तीसरे और निर्णायक सेट में दोनों जोड़ियों ने शानदार खेल दिखाया, लेकिन सैलिसबरी और स्कुप्स्की ने मौके का फायदा उठाते हुए 6-4 से सेट और मैच जीत लिया। इस जीत के साथ वे यूएस ओपन के फाइनल में पहुंच गए।

### पहली बार यूएस ओपन के सेमीफाइनल में भांबरी पहुंचे

युकी भांबरी ने पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचे। युकी भांबरी और माइकल वीनस ने टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने अपने अभियान की शुरुआत पहले राउंड में मार्कोस गिरोन और लर्नर टिएन को 6-0, 6-3 से हराकर की।

दूसरे राउंड में उन्होंने गोंजालो एस्कोबार और मिगुएल एंजेल रेयेस-वरेला को 6-1, 7-5 से मात दी। राउंड ऑफ 16 में भांबरी और वीनस ने जर्मन जोड़ी टिम पुटज और केविन क्राविएटज को 6-4, 6-4 से हराया। क्वार्टरफाइनल में उन्होंने मेक्टिक और राम की जोड़ी को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

### अर्यना सबालेंका ने फाइनल में पहुंची

वर्ल्ड की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी अर्यना सबालेंका ने गुरुवार को अमेरिका की जेसिका पेगुला को 4-6, 6-3, 6-4 से हराकर यूएस ओपन के फाइनल में पहुंच गई है।

पहले सेट में पेगुला ने शानदार प्रदर्शन किया और पहला सेट 6-4 से जीता।

सबालेंका ने दूसरे सेट के पहले तीन गेम जीते, जिसमें एक शानदार फोरहैंड विनर के साथ पेगुला की सर्विस तोड़ी। उन्होंने दूसरा सेट 6-3 से जीत लिया। तीसरे सेट को सबालेंका ने 6-4 से जीत लिया।

# अनंत चतुर्दशी पर भूल से भी ना करें इन चीजों का सेवन



हिन्दू धर्म में अनंत चतुर्दशी का विशेष महत्व बताया गया है।अनंत चतुर्दशी के दिन भगवान विष्णु की पूजा करने का विधान है।
अनंत चतुर्दशी का वर्णन अग्नि पुराण में मिलता है।इस दिन भगवान विष्णु के निमित्त व्रत रखकर पूजा पाठ किया जाए तो जीवन में आई सभी परेशानियां खत्म हो जाती हैं और भगवान विष्णु सदैव कृपा बनाए रखते हैं।हर साल भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी पर अनंत चतुर्दशी मनाई जाती है, इस दिन गणपति जी की मूर्ति का विसर्जन भी होता है.
धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस साल गणपति विसर्जन और अनंत चतुर्दशी 6 सितंबर को पड़ रही है।
अनंत चतुर्दशी पर जहां भगवान विष्णु की विधि-विधान से पूजा की जाती है, वहीं गणपति विसर्जन पर लोग बप्पा की प्रतिमा का विसर्जन करते हैं।चूंकि, अनंत चतुर्दशी और गणपति विसर्जन पर शनिवार का दुर्लभ संयोग बन रहा है, इस दिन भोजन में कुछ विशेष नियमों का पालन करना जरूरी होता है।खासतौर पर सफेद रंग की कुछ चीजों का सेवन वर्जित माना गया है, क्योंकि ये व्रत की पवित्रता को भंग कर सकती हैं।ऐसे में आइए जानते हैं उज्जैन के आचार्य आनंद भारद्वाज से कि इस दिन किन चीजों का वर्जित बताया गया है।

## भूल से भी ना करें बप्पा की विदाई में यह गलती

– दही को भी सफेद खाद्य पदार्थों में गिना जाता है।इस दिन दही खाने से व्रत की पवित्रता भंग होती है और शुभ फल प्राप्त नहीं होता.
– अनंत चतुर्दशी के व्रत में भूलकर भी नमक का सेवन नहीं करना चाहिए, क्योंकि इससे परिवार पर नकारात्मक असर पड़ता है।मान्यता है कि इसके बुरे परिणाम 14 साल तक भुगतने पड़ते हैं।घर से सारी खुशियां चली जाती हैं।राजा से रंक बनने की नौबत आ जाती है।
– चावल सफेद अनाज माना जाता है।व्रत के दिन इसका सेवन वर्जित होता है।मान्यता है कि इस दिन चावल खाने से व्रत का फल कम हो जाता है।

### यह चीजें क्यों है वर्जित?


मान्यता है कि सफेद पदार्थ चंद्रमा और शीतल ऊर्जा के प्रतीक माने जाते हैं, जबकि अनंत चतुर्दशी का संबंध तप, संयम और व्रत की कठोरता से जुड़ा है।
ऐसे में सफेद वस्तुओं का सेवन व्रत के प्रभाव को कम कर देता है और व्रत करने वालों को संपूर्ण फल प्राप्त नहीं होता।
उज्जैन के आचार्य ने बताया कि मान्यता है कि सफेद पदार्थ चंद्रमा और शीतल ऊर्जा के प्रतीक माने जाते हैं, जबकि अनंत चतुर्दशी का संबंध तप, संयम और व्रत की कठोरता से जुड़ा है।ऐसे में सफेद वस्तुओं का सेवन व्रत के प्रभाव को कम कर देता है और व्रत करने वालों को संपूर्ण फल प्राप्त नहीं होता।

# अनंत चतुर्दशी? श्री हरि के अनन्त रूप की पूजा का महत्व




भगवान विष्णु के भक्तों के लिए अनंत चतुर्दशी के पर्व का खास महत्व है क्योंकि इस दिन श्री हरि के अनन्त रूप की पूजा की जाती है। इस दिन जहां कुछ लोग व्रत रखते हैं, वहीं कई जातक विष्णु जी की पूजा करते हैं और उन्हें उनकी प्रिय चीजों का भोग लगाते हैं। पूजा-पाठ के अलावा इस दिन अनन्त सूत्र बांधने की भी परंपरा है। भगवान विष्णु की पूजा के दौरान बांह में अनंत सूत्र बांधा जाता है, जिसमें 14 गांठें होती हैं। मान्यता है कि अनंत सूत्र में भगवान विष्णु का वास होता है, जबकि इन 14 गांठों को 14 लोकों से जोड़ा जाता है।
द्रिक पंचांग के अनुसार, हर साल अनंत चतुर्दशी का पर्व भाद्रपद माह में आने वाली शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि के दिन मनाया जाता है। आइए अब जानते हैं साल 2025 में किस दिन अनंत चतुर्दशी का पर्व मनाया जाएगा। साथ ही आपको पूजा का शुभ मुहूर्त और विधि के बारे में पता चलेगा।
अनंत चतुर्दशी 2025 में कब है?
द्रिक पंचांग के अनुसार, इस बार 6 सितंबर की सुबह 3 बजकर 12 मिनट से लेकर 7 सितंबर की सुबह 1 बजकर 41 मिनट तक भाद्रपद माह की शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि रहेगी। ऐसे में 6 सितंबर 2025, वार शनिवार को अनंत चतुर्दशी का पर्व मनाया जाएगा। 6 सितंबर की सुबह 6 बजकर 2 मिनट से लेकर 7 सितंबर की सुबह 1 बजकर 41 मिनट तक अनंत चतुर्दशी की पूजा का शुभ मुहूर्त है। इस दौरान सुबह और शाम, दोनों समय आप विष्णु जी की पूजा कर सकते हैं। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन पूजा-पाठ करने से श्री हरि का विशेष आशीर्वाद मिलता है। साथ ही पाप नष्ट होते हैं।
अनंत चतुर्दशी की पूजा विधि
सुबह जल्दी उठकर स्नान आदि कार्य करने के बाद शुद्ध पीले या लाल रंग के कपड़े धारण करें।
भगवान विष्णु का ध्यान करते हुए व्रत का संकल्प लें।
घर के मंदिर में एक चौकी रखें। चौकी पर लाल रंग का शुद्ध कपड़ा बिछाकर कलश की स्थापना करें। कलश पर चंदन से अष्टदल कमल बनाएं और कुश का धागा बांधें।
विष्णु जी की मूर्ति या तस्वीर की स्थापना करें। साथ ही उन्हें 14 गांठों वाले अनंत सूत्र, अक्षत, गंध, फूल, धूप, दीप और नैवेद्य अर्पित करें।
अब घर के प्रत्येक सदस्य के बांह पर अनंत सूत्र बांधें।
अनंत चतुर्दशी के व्रत की कथा पढ़ें या सुनें।
विष्णु जी आरती करें।
शाम में फिर से विष्णु जी की पूजा करें।
दान करने के बाद शाम में ही आप व्रत का पारण कर सकते हैं।
जैन अनुयायी से जुड़ा है अनन्त चौदस का पर्व
देश के कई राज्यों में अनंत चतुर्दशी को अनन्त चौदस के नाम से जाना जाता है। खासकर जैन समाज के लोगों के लिए इस पर्व का खास महत्व है क्योंकि इसी दिन दसलक्षण पर्व का समापन होता है। इस दिन जैन अनुयायी भगवान वासुपूज्य की पूजा करते हैं और जुलूस व झांकियां निकालते हैं। वहीं, इस दिन गणेश उत्सव का भी समापन होता है।

# नए घर में शिफ्ट होना है तो वास्तु के इन नियमों को जरूर जान लें




अपना घर लेना हर किसी का सपना होता है, जो वे पूरा कर भी लेते हैं। ऐसे में अपने मकान को सपनों का घर बनाने के लिए हम कई प्रकार की वस्तुएं और सजावट उसमें करते हैं। वहीं, अगर आप वास्तुशास्त्र के नियमों का ख्याल रखकर नया घर खरीदते, बनवाते और उसमें शिफ्ट होते हैं तो इससे आपको जीवनभर के वास्तु दोष से छुटकारा मिल सकता है। साथ ही, घर में कभी समस्याएं भी नहीं आती हैं।
वास्तुशास्त्र में नए घर को लेकर ऐसे कई महत्वपूर्ण नियमों का वर्णन किया गया है, जिनका ख्याल रखने से जातक के जीवन में हमेशा सुख-समृद्धि बनी रहती है। ऐसे में आइए विस्तार से जानें कि नए घर में शिफ्ट होते समय वास्तु के किन नियमों का ध्यान रखना चाहिए।




मकान का निर्माण करवाते समय या बना हुआ घर लेते वक्त इस बात का ख्याल जरूर रखें कि उसका मुख्य द्वार उत्तर, पूर्व या उत्तर-पूर्व दिशा में हो। साथ ही, घर गेट के सामने किसी अन्य व्यक्ति की सीढ़ी या गेट न बना हो। इसके अलावा, मुख्य द्वार पर पर्याप्त मात्रा में रोशनी भी जरूर आनी चाहिए। इस प्रकार घर का गेट होने से वहां सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।
घर लेते समय मास्टर बेडरूम की दिशा का ख्याल भी जरूर रखना चाहिए। वास्तुशास्त्र के अनुसार, कमरा अगर दक्षिण-पश्चिम दिशा में हो तो इसे सबसे उत्तम माना जाता है। इससे रूम में शांति का माहौल बना रहता है और घर में समृद्धि आती है। साथ ही, घर में शिफ्ट होते समय कभी भी शीशे के अपने बेड के ठीक सामने न लगाएं। ऐसा करने से वहां नकारात्मकता फैल सकती है।
कभी भी घर का निर्माण करते वक्त या नए मकान में शिफ्ट होने से पहले यह जरूर देख लें कि रसोईघर किस दिशा में है। गलत स्थान पर किचन होने से अशुभ फल प्राप्त हो सकता है। वास्तु के अनुसार, किचन हमेशा आग्नेय कोण यानी दक्षिण-पूर्व दिशा में होना चाहिए। इससे परिवार के सदस्यों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

**लिविंग रूम में ऐसे रखें फर्नीचर और रंग**

वास्तुशास्त्र के अनुसार, लिविंग रूम में सही स्थान पर सामान रखना बेहद जरूरी होता है। मान्यता है कि हमेशा दक्षिण या पश्चिम दिशा में फर्नीचर को रखना चाहिए। साथ ही, लिविंग रूम और फर्नीचर के लिए हल्के व शांत रंगों का प्रयोग करना सबसे शुभ माना जाता है। उत्तर-पूर्व भाग में हल्के सामान और उसे खुला रखना उत्तम माना जाता है। इससे घर का माहौल सकारात्मक बना रहता है।

**इस दिशा में हो बाथरूम और टॉयलेट**

घर में शिफ्ट या नया मकान लेने से पहले इस बात पर जरूर गौर करें की उसमें बाथरूम व टॉयलेट किस दिशा में बना हुआ है। वास्तुशास्त्र की मानें तो बाथरूम और टॉयलेट को हमेशा उत्तर-पश्चिम दिशा में बनवाना चाहिए। इसे उत्तर-पूर्व दिशा में बनवाना सही नहीं माना गया है। साथ ही, टॉयलेट-बाथरूम को हवादार होना चाहिए और उनके दरवाजे हमेशा बंद रखने चाहिए।

**सीढ़ियों के लिए सही दिशा**

वास्तुशास्त्र के अनुसार, घर में सीढ़ियां हमेशा पूर्व से पश्चिम या उत्तर से दक्षिण के ओर उठी होनी चाहिए। लेकिन कभी भी इन्हें उत्तर पूर्व दिशा में नहीं बनवाना चाहिए। कई लोग सीढ़ियों के नीचे पानी का नल, बाथरूम, टॉयलेट, जूते-चप्पलों का स्थान बना लेते हैं। लेकिन ऐसा करना बहुत गलत माना गया है। वास्तु के अनुसार, सीढ़ियों के नीचे का स्थान खाली रखना उत्तम माना गया है।

**घर के मंदिर में इन बातों का रखें ख्याल**

मनुष्य के घर का सबसे पवित्र स्थान पूजाघर को माना गया है। ऐसे में मंदिर सही दिशा में होना सबसे महत्वपूर्ण होता है। वास्तु के अनुसार, घर में मंदिर हमेशा उत्तर-पूर्व या पूर्व दिशा में होना चाहिए। साथ ही, इसके अंदर हल्के और शांत रंग करवाने चाहिए। ऐसा करना बहुत शुभ माना जाता है। लेकिन इस बात का ख्याल रखें की मंदिर को कभी भी बाथरूम या किचन के पास नहीं रखना चाहिए।

# 7 सितंबर को चंद्र ग्रहण :भाद्रपद मास की पूर्णिमा पर दोपहर 12.56 बजे शुरू हो जाएगा सूतक

रविवार, 7 सितंबर को भाद्रपद मास की पूर्णिमा है, इस तिथि पर पूर्ण चंद्र ग्रहण हो रहा है और ये ग्रहण भारत में भी दिखेगा। इसलिए इसका सूतक भी रहेगा। इस पूर्णिमा पर दान-पुण्य, स्नान, और व्रत करने की परंपरा है।
मान्यता है कि चंद्र ग्रहण और सूतक के समय में पूजा-पाठ, भोजन नहीं करना चाहिए। इसी वजह से सूतक काल से ग्रहण खत्म होने तक मंदिरों के कपाट बंद कर दिए जाते हैं। ग्रहण के बाद स्नान करके मंदिरों की शुद्धि की जाती है और फिर भक्तों के लिए मंदिर खोले जाते हैं। 2025 में भारत में दिखाई देने वाला ये एक मात्र ग्रहण है। इसके बाद 21 सितंबर को सूर्य ग्रहण होगा, जो कि भारत में नहीं दिखेगा।

**कब शुरू होगा चंद्र ग्रहण और सूतक**

चंद्र ग्रहण 7 और 8 सितंबर की दरमियानी रात होगा।
**ग्रहण की शुरुआत: 7 सितंबर की रात 9.56 बजे से होगी।**
ग्रहण का मध्य: रात 11.41 बजे रहेगा। इस समय पूर्ण चंद्र ग्रहण दिखाई देगा।




**कब खत्म होगा: रात 1.26 बजे ग्रहण खत्म हो जाएगा।**
भारत के अलावा और कहां दिखेगा: ये चंद्र ग्रहण एशिया, हिन्द महासागर, अंटार्कटिका, पश्चिमी प्रशांत महासागर, आस्ट्रेलिया और यूरोप में भी दिखाई देगा।
**ग्रहण का सूतक कब शुरू होगा:** पं. शर्मा के मुताबिक, चंद्र ग्रहण का सूतक ग्रहण से 9 घंटे पहले शुरू हो जाता है। चंद्र ग्रहण का सूतक दोपहर 12.56 बजे से शुरू होगा और ग्रहण खत्म होने के साथ ही खत्म होगा। भाद्रपद पूर्णिमा से जुड़े धर्म-कर्म सूतक शुरू होने से पहले करना चाहिए।

**3 प्रकार के होते हैं चंद्र ग्रहण**

पूर्ण चंद्र ग्रहण - जब सूर्य और चंद्र के बीच पृथ्वी आ जाती है और ये तीनों ग्रह एक सीधी लाइन में होते हैं, तब चंद्र पर पृथ्वी की छाया पड़ती है और चंद्र लाल दिखने लगता है। इस स्थिति को पूर्ण चंद्र ग्रहण कहते हैं।
आंशिक चंद्र ग्रहण - जब सूर्य और चंद्र के बीच पृथ्वी आती है, लेकिन ये तीनों ग्रहण एक सीधी लाइन में नहीं होते हैं, तब चंद्र के कुछ हिस्से पर पृथ्वी की छाया पड़ती है, जिससे आंशिक चंद्र ग्रहण होता है।
मांद्य यानी उपच्छाया चंद्र ग्रहण - इस चंद्र ग्रहण का धार्मिक महत्व नहीं होता है। इस ग्रहण में सूर्य और चंद्र के बीच पृथ्वी आती है, लेकिन तीनों ग्रह सीधी लाइन में नहीं होते और चंद्र पर पृथ्वी की सिर्फ हल्की सी छाया पड़ती है, जो कि चंद्र पर धूल की तरह दिखती है।

**चंद्र ग्रहण से जुड़ी धार्मिक मान्यता**

जब राहु सूर्य या चंद्र को ग्रसता है यानी निगलता है, तब ग्रहण होता है। इस संबंध में राहु और समुद्र मंथन की कथा प्रचलित है। पुराने समय में देवताओं और दानवों ने एक साथ मिलकर समुद्र मंथन किया था। इस मंथन से अंतिम रत्न अमृत निकला। देवता और दानव दोनों ही अमृत पीकर अमर होना चाहते थे। उस समय भगवान विष्णु ने देवताओं को अमृत पान कराने के लिए मोहिनी अवतार लिया था।
मोहिनी देवताओं को अमृत पिला रही थी। उसी समय राहु देवताओं के बीच भेष बदलकर बैठ गया और उसने भी अमृत पी लिया। सूर्य-चंद्र ने राहु को पहचान लिया था और विष्णु जी को राहु की सच्चाई बता दी। भगवान विष्णु ने सुदर्शन चक्र से राहु का सिर धड़ से अलग कर दिया।
राहु अमृत पी चुका था, इस वजह से वह मरा नहीं। राहु के दो हिस्से हो गए। एक हिस्सा राहु और दूसरा हिस्सा केतु के नाम से जाना जाता है।
**राहु की शिकायत सूर्य**-चंद्र ने की थी, इस वजह से राहु इन दोनों को दुश्मन मानता है और समय-समय पर इन दोनों ग्रहों को ग्रसता है, जिसे ग्रहण कहते हैं।

# व्यक्तित्व अध्यात्म योगी आचार्य भिक्षु



मुनि चैतन्य कुमार अमन

संसार में विरले ही लोग होते हैं जिन्हें फूलों की सुवास का अहसास होता है जिस व्यक्ति को संसार की नश्वरता का बोध हो जाता है। वे अपने जीवन में मोहमयी जगत रचना से ऊपर उठकर आत्म कल्याण के मार्ग पर प्रस्थान कर देते हैं। चाहे मार्ग में कितने नुकीले कांटे भी क्यों न हों। वे उन कांटों भरी राह में अपने पथ का निर्धारण कर लेते हैं। सत्य की राह पर चलना किसी नुकीले कांटों पर चलने से कम नहीं होता। आचार्य श्री भिक्षु उन्हीं नुकीले कांटो पर चलना स्वीकार किया। उन्हें यह ज्ञात था कि मैंने जिस राह को चुना है वह सत्य की राह कठिनाईयों से भरी है। पग-पग पर अवरोध होंगे पर मुझे डरना नहीं होगा। हर कष्ट का सामना वीरता के साथ करना होगा। मंजिल ऐसे ही थोड़े मिल जाती है। मंजिल पाने के लिए विश्वास जरूरी है। आत्मविश्वास का मधुमास ही मंजिल को पास लाने वाला होता है। रण में लड़ने वाला योद्धा ही विजयश्री हासिल कर सकता है। उसी प्रकार जीवन में साधना के संग्राम में उतरकर ही सत्य का साक्षात्कार कर सकता है।

आचार्य भिक्षु का व्यक्तित्व बेजोड़ था। ऐसे व्यक्ति विरले ही होते है जिनका अवतरण शताब्दियों सहस्त्राब्दियों में कभी-कभार ही होता है। उनका वो श्यामवर्ण, दीर्ध व लम्बा कद, चमकता पल-पलाट करता भाल, दीप्तिमान हंसमुख चेहरा, ओज और तेज से परिपूर्ण था। ओजस्वी वाणी में माधुर्य व चुम्बकीय शक्ति थी जो एक बार सम्पर्क में आने वाले को अपना बना लेती थी। कहा जाता है जब प्रवचन करते तब श्रोताओं को आषाढ़ मास की मेघ गर्जना व सिंहनाद की अनुभूति होती थी।



आचार्य भिक्षु का सम्पूर्ण जीवन की अध्यात्म यात्रा आत्माराधना व वीतराग साधना में नीता। तत्कालीन साधु समुदाय में व्याप्त सिद्धान्त विपर्यास के कारण उन्होंने गुरू के मोह को त्याग कर अभिनिषक्रिमण किया। उनमें न तो कोई पद के प्रति लालसा थी न ही कोई षिष्यों का मोह, लोकेषणा और महत्वकांक्षा का भाव था। उनकी अन्तर भेदी वाणी से श्रावक समाज को एक नया युगबोध मिला। गुरू के मोह को त्याग कर सत्य के मार्ग पर बढ़ते हुए उनके जीवन में घोर विरोध भी हुआ अनेक कष्टों का सामना हुआ। यहां तक कि जीवन यापन की अनिवार्य आवष्यकताएं भोजन-पानी तथा रहने के लिए स्थान भी उपलब्ध नहीं होता था। ऐसी विषम परिस्थिति में भी उनका मनोबल अडिग रहा। धैर्य अडोल रहा अपने आत्मधर्म व सत्यमार्ग पर निर्भीकता के साथ बढ़ते रहे। उनके आत्मबल को दुनियां की कोई ताकत हिला नहीं सकी उसी का परिणाम उन्हें विजय श्री हासिल हुई। उनका धार्मिक क्षेत्र में यह कदम तेरापंथ का उद्भव हुआ। सुदृढ़ मर्यादाएं, एक आचार एक विचार, एक आचार्य केन्द्रित यह धर्मसंघ जैन धर्म में सिरमोर बना हुआ है। अढ़ाई सौ से चलते हुए इस धर्मसंघ को आचार्य भिक्षु ऐसा वरदहस्त प्राप्त है कि अनेक-अनेक जटिल परिस्थितियों में भी अपनी आन-बान-षान के साथ विष्व मानस के लिए मार्गदर्षक बना हुआ। काल के परिपाक के साथ स्वर्णिम आभा लिए हुए अपना वर्चस्व स्थापित किए हुए है। यह देने है आचार्य भिक्षु की शौर्य-वीरता का जिनका तेरापंथ जन-जन के लिए मेरापंथ बना हुआ है वीर-महावीर का पंथ बना हुआ है। ऐसे सत्यनिष्ठ सत्यावतार आचार्य भिक्षु को कोटि-कोटि नमन। उनका समाधि स्थल सिरियारी जन-जन का आस्था केन्द्र है, जहां पर प्रतिवर्ष हजारों लाखों लोग जैन-अजैन की छतीस कौम पहुंचकर श्रद्धा नमन करता हुआ अपने आपमें धन्यता की अनुभूति करता है। करता रहेगा।

# 41 साल की एक्ट्रेस टीवी सीरियल की अभिनेत्रियों से कराती थी देहव्यापार, पुलिस ने जाल बिछाकर किया गिरफ्तार

मुबंई पुलिस ने एक एक्ट्रेस को सेक्स रैकेट चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया है. पुलिस ने दो महिला कलाकारों को भी रेस्क्यू किया है. मुंबई से सटे काशीमिरा पुलिस थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापा मारकर वेश्यावृत्ति रैकेट का भंडाफोड़ किया है. इस कार्रवाई में 41 वर्षीय अभिनेत्री अनुष्का मोनी मोहन दास को कथित तौर पर वेश्यावृत्ति का धंधा चलाने और महत्वाकांक्षी महिला कलाकारों को इस अवैध धंधे में धकेलने के आरोप में गिरफ्तार किया है. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. पुलिस ने इस दौरान दो टीवी सीरियल और बंगाली फिल्मों में काम कर चुकी महिला कलाकारों को भी मुक्त कराया है.

### पुलिस ने जाल बिछाकर आरोपियों को किया गिरफ्तार

अधिकारियों ने जानकारी दी कि गुप्त जानकारी के आधार पर पुलिस ने दो नकली ग्राहक (डिकॉय) तैयार किए थे. आरोपियों ने ग्राहकों को मुंबई–अहमदाबाद हाईवे के पास काशीमिरा स्थित एक मॉल में बुलाया था. इसके बाद पुलिस ने जाल बिछाकर आरोपियों को रंगेहाथ पैसे लेते हुए पकड़ा और तुरंत हिरासत में ले लिया.



### दो महिला कलाकार कराई गईं मुक्त

मीरा-भायंदर, वसई-विरार पुलिस के सहायक पुलिस आयुक्त मदन बल्लाल ने बताया, पुलिस ने जिन दो महिला कलाकारों को मुक्त कराया है, वे टीवी सीरियल और बंगाली फिल्मों में अभिनय कर चुकी हैं. दोनों को आश्रय गृह में भेजा गया है. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### एक्ट्रेस अनुष्का मोनी मोहन दास गिरफ्तार

गिरफ्तार अभिनेत्री का नाम अनुष्का मोनी मोहन दास (उम्र 41 वर्ष) है. इस मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 370(3) (मानव तस्करी से संबंधित) और अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है. पुलिस ने बताया कि इस रैकेट के पीछे के अन्य लोगों, दलालों और नेटवर्क की जांच की जा रही है.

### हाई प्रोफाइल कस्टम के लिए चल रहा था रैकेट

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, "यह रैकेट हाई-प्रोफाइल ग्राहकों के लिए चलाया जा रहा था. आरोपी अभिनेत्री बिचौलिए की भूमिका निभा रही थी..उसे गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है."

# दमदार एक्शन और धमाकेदार डायलॉग्स से सजी है बागी 4

**स्टारकास्ट- टाइगर श्रॉफ, संजय दत्त, हरनाज संधू,सोनम बाजवा , श्रेयस तलपड़े, उपेंद्र लिमये, सौरभ सचदेवा, शीबा आकाशदीप साबिर और महेश ठाकुर**

**डायरेक्टर- ए हर्षा**

बागी 4: 'बागी 4' एक बार फिर दर्शकों को रॉनी की खतरनाक और इमोशनल दुनिया में ले जाती है जहां एक्शन के साथ-साथ दर्द, गिल्ट और प्यार का गहरा एहसास देखने को मिलता है। टाइगर श्रॉफ इस बार सिर्फ लड़ते नहीं हैं, बल्कि एक टूटे हुए इंसान के तौर पर भावनात्मक लड़ाई भी लड़ते हैं। ए हर्षा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में जबरदस्त एक्शन के साथ मनोवैज्ञानिक थ्रिल और दिल को छू लेने वाली कहानी का अनोखा मेल देखने को मिलता है। दमदार परफॉर्मेंस, शानदार एक्शन और रॉनी की जज़्बातों से भरी जर्नी के साथ 'बागी 4' एक नया एक्सपीरियंस देती है।




### कहानी

'बागी 4' की कहानी रॉनी (टाइगर श्रॉफ) के इर्द-गिर्द घूमती है जो एक खौफनाक ट्रेन हादसे में चमत्कारिक रूप से बच जाता है। लेकिन इस हादसे के बाद वह खुद को भाग्यशाली महसूस करने के बजाय गिल्ट और गहरे दर्द में डूब जाता है। एक बड़ी त्रासदी और अपने प्यार को खोने का दुख उसे अंदर से तोड़ देता है और वह धीरे-धीरे खुद को बर्बादी की ओर ले जाने लगता है। रॉनी की मानसिक स्थिति बिगड़ने लगती है और उसे यह समझ नहीं आता कि वह जिन चीजों को देख और महसूस कर रहा है वे सच हैं या सिर्फ उसकी कल्पनाएं। उसकी टूटी हुई दुनिया में बार-बार उस महिला की यादें लौटती हैं जिससे वह बेइंतहा प्यार करता था। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है रॉनी की जंग सिर्फ बाहरी दुश्मनों से नहीं बल्कि अपने भीतर के अंधेरे, डर और दर्द से भी होती है। फिल्म एक्शन, इमोशन और मनोवैज्ञानिक तनाव से भरपूर एक रोमांचक यात्रा बन जाती है।

### एक्टिंग

'बागी 4' में टाइगर श्रॉफ ने एक बार फिर जबरदस्त एक्शन और स्टाइलिश अंदाज़ में दर्शकों का दिल जीता है। उनके एक्शन सीक्वेंस और फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन काबिल-ए-तारीफ हैं। संजय दत्त ने अपने मजबूत स्क्रीन प्रेजेंस और गंभीर अंदाज़ से कहानी में गहराई लाई है। उनकी डायलॉग डिलीवरी हमेशा की तरह दमदार रही। हरनाज संधू ने इस फिल्म से एक्टिंग डेब्यू किया है और उन्होंने अपनी सादगी और स्क्रीन प्रेजेंस से अच्छी छाप छोड़ी है। सोनम बाजवा भी अपने ग्लैमरस लुक और ठोस परफॉर्मेंस के साथ प्रभावित करती हैं। श्रेयस तलपड़े ने अपनी नेचुरल एक्टिंग से कहानी में हल्का-फुल्का अंदाज जोड़ा है जबकि उपेंद्र लिमये ने अपने गंभीर और प्रभावशाली अभिनय से फिल्म में मजबूती दी है। सौरभ सचदेवा अपने खलनायक वाले किरदार में सधे हुए नजर आए, वहीं शीबा, आकाशदीप साबिर, और महेश ठाकुर ने अपने-अपने सहायक किरदारों को ईमानदारी से निभाया और फिल्म की कहानी को संतुलन दिया।

### डायरेक्शन

फिल्म 'बागी 4' का निर्देशन ए हर्षा ने किया है और उन्होंने इसे बड़े ही सधे हुए और प्रभावशाली अंदाज़ में पेश किया है। बतौर निर्देशक हर्षा ने एक्शन, इमोशन और थ्रिल के संतुलन को बखूबी बनाए रखा है। यह फिल्म बागी फ्रेंचाइज़ी की चौथी किस्त है और उन्होंने इसे पहले से ज्यादा गहराई और गंभीरता के साथ दिखाया है। खासकर रॉनी के मानसिक संघर्ष और इमोशनल ट्रैक को जिस तरह से उन्होंने हैंडल किया है वह डायरेक्शन की परिपक्वता को दर्शाता है। एक्शन सीन्स भले ही दमदार हैं, लेकिन फिल्म की भावनात्मक परतों को भी निर्देशक ने बखूबी उभारा है। कुल मिलाकर ए हर्षा का डायरेक्शन फिल्म को एक अलग ही लेवल पर ले जाता है।



# उर्मिला मातोंडकर मिनी स्कर्ट में 51 की होकर भी 21 की लगीं

बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर आज भी एक फैशन और फिटनेस आइकन मानी जाती हैं। उनकी लेटेस्ट तस्वीरों में उनका फिगर, ग्लो और कॉन्फिडेंस देखकर कोई नहीं कह सकता कि वह 51 वर्ष की हैं। वह योगा, डाइट और रेगुलर वर्कआउट से अपने आप को फिट रखती हैं। अब हाल ही में उर्मिला ने अपनी नई तस्वीरें शेयर की हैं, जो इंटरनेट पर बवाल काट रही हैं।

उर्मिला मातोंडकर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह व्हाइट कॉलर वाले ब्लू टॉप और मिनी स्कर्ट में काफी ग्लैमरस दिख रही हैं। स्कर्ट में वह अपनी टोंड लैग्स को खुलकर फ्लॉन्ट कर रही हैं।

इस लुक को उन्होंने व्हाइट सैंडल और व्हाइट ही स्टॉकिंग्स के साथ कंप्लीट किया है। चेहरे पर ग्लोसी मेकअप और लो पोनी उनकी खूबसूरती को निखार रही है। इन तस्वीरों में उर्मिला अलग-अलग पोज़ में नजर आ रही हैं और हर फोटो में उनका आत्मविश्वास और सुंदरता साफ झलक रही है।

काम की बात करें तो उर्मिला मातोंडकर ने अपने करियर की शुरुआत बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट साल 1977 में फिल्म 'कर्म' से की थी। इसके बाद 1983 में रिलीज़ हुई फिल्म 'मासूम' में उनके अभिनय को काफी सराहा गया और यहीं से उन्हें पहचान मिलनी शुरू हुई। हालांकि, बतौर लीड एक्ट्रेस उन्होंने 1991 में फिल्म 'नरसिम्हा' से अपनी शुरुआत की।

लेकिन उन्हें असली लोकप्रियता 1995 में आई राम गोपाल वर्मा की फिल्म 'रंगीला' से मिली। इस फिल्म में उनका बोल्ड और मॉडर्न किरदार हर किसी को पसंद आया और वह रातोंरात स्टार बन गईं। इसके बाद उन्होंने 'जुदाई', 'सत्या', 'पिंजर', 'भूत', 'एक हसीना थी' जैसी कई हिट फिल्मों में काम किया और अभिनय की गहराई को साबित किया।

# आलिया भट्ट ने जाहिर की कॉमेडी फिल्म करने की ख्वाहिश




आलिया भट्ट की जिंदगी मां बनने के बाद काफी बदल गई है, इस बात का असर उनकी फिल्मों की च्वाइस पर भी पड़ने लगा है। हाल ही में आलिया भट्ट ने एक इंटरव्यू में कहा कि वह कॉमेडी फिल्म करना चाहती हैं। ऐसा वह अपनी बेटी के लिए करना चाहती हैं।

### ऐसी कॉमेडी फिल्म करना चाहती हैं, जिसे बेटी राहा देख सके

ग्राजिया मैगजीन से की गई बातचीत में आलिया भट्ट ने अपने फ्यूचर फिल्म प्रोजेक्ट का जिक्र किया है। आलिया चाहती हैं कि वह ऐसी फिल्म करना चाहती है, जिसे बेटी राहा देख सके। आलिया एक कॉमेडी फिल्म करने की ख्वाहिश रखती हैं। वह कहती हैं, 'मैंने अब तक खुद कॉमेडी नहीं की है, इसलिए इस जॉनर की फिल्म करना चाहती हूं। मैं कुछ ऐसा तलाश कर रही हूं, जो मुझे इंस्पायर करे।' आलिया भट्ट आगे कहती हैं, 'कुछ एक्साइटिंग चीजें मेरे पास आई हैं, अभी इनके बारे में बात नहीं कर सकती हूं। बस मैं सही डायरेक्शन में आगे बढ़ना चाहती हूं।'

### इस साल एक्शन फिल्म में नजर आएंगी आलिया

आलिया भट्ट के करियर फ्रंट की बात की जाए तो वह इस साल एक फिल्म 'अल्फा' कर रही हैं। यह एक एक्शन ड्रामा फिल्म है, इसमें आलिया एक स्पाई का रोल करती दिखेंगी। इस फिल्म में शरवरी वाघ भी नजर आएंगी। इस फिल्म को लेकर आलिया इन दिनों काफी मेहनत कर रही हैं।

# बॉडीकॉन ड्रेस में 'बागी 4' एक्ट्रेस सोनम बाजवा ने दिखाया किलर फिगर

सोनम बाजवा इन दिनों अपनी नई फिल्म बागी 4 को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म की रिलीज से पहले सोनम बाजवा अपने लुक्स को लेकर चर्चा में आ गई हैं। उन्होंने लेटेस्ट तस्वीरों से लोगों का चैन चुरा लिया है। सोनम बाजवा इन दिनों अपनी नई फिल्म बागी 4 को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म की रिलीज से पहले सोनम बाजवा अपने लुक्स को लेकर चर्चा में आ गई हैं। उन्होंने लेटेस्ट तस्वीरों से लोगों का चैन चुरा लिया है।



सामने आई तस्वीरों में सोनम वाइन कलर की बॉडीकॉन ड्रेस में कहर ढा रही हैं। खुले बालों और ग्लॉसी मेकअप में हसीना बेहद ग्लैमरस लग रही हैं। आउटफिट के साथ उन्होंने एक बड़ी सी रिंग और एक वॉच पहनी है।

इस स्टेटमेंट ज्वेलरी के साथ एक्ट्रेस ने अपना लुक कंप्लीट किया। पोस्ट शेयर करने के महज कुछ ही मिनटों में फैंस ने उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कमेंट्स की बारिश कर दी है।

सोनम बाजवा को आखिरी बार 'हाउसफुल 5' में देखा गया था। अब उनकी फिल्म 'बागी 4' भी रिलीज होने वाली है। ये फिल्म 5 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

इसके वह हर्षवर्धन राणे के साथ फिल्म 'एक दीवाने की दीवानीयत' में दिखेंगी।

# शिल्पा शेट्टी-राज कुंद्रा की बढ़ सकती हैं मुश्किलें लुक आउट सर्कुलर जारी करने की तैयारी में पुलिस

बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और उनके बिजनेसमान पति राज कुंद्रा की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। हाल ही में कपल के खिलाफ एक व्यापारी से 60 करोड़ की धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया। अब इसी मामले की जांच के दौरान EOW अब पति पत्नी के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी करने की तैयारी में है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस इनके ट्रैवल लॉग देख रही है और जरूरत पड़ने पर उनके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया जाएगा।

एक अधिकारी ने आगे बताया की इस धोखाधड़ी का आरोप जिस कार्यकाल का है तब से लेकर उन पैसों का फ्लो कहां कहां हुआ है इसका पता लगाया जा रहा है ताकि पता चले कि पैसों का इस्तेमाल किस लिए हुआ है। जब इनका मामला NCLT में गया था उस दौरान जिस ऑडिटर ने ऑडिट किया था उसे भी समन कर पूछताछ के लिए बुलाया गया है फिलाहल फेस्टिवल और शहर में चल रहे आंदोलन के चलते पूछताछ नहीं हो पाई।



सूत्रों ने बताया कि व्यापारी दीपक कोठारी ने आरोप लगाया है कि दोनों ने मिलकर उन्हें 60 करोड़ रुपए से ज्यादा का चूना लगाया। कोठारी का कहना है कि ये पैसा उन्होंने 2015 से 2023 के बीच बिज़नेस बढ़ाने के नाम पर दिया था लेकिन असल में इसे निजी खर्चों में उड़ाया गया।शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा के खिलाफ दायर मामले में शिकायतकर्ता दीपक कोठारी के वकील जैन श्रॉफ का कहना है कि उनके मुवक्किल से शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा ने 2015 में बेस्ट डील टीवी कंपनी को खड़ा करने के लिए 60 करोड़ रुपए बतौर लोन मांगे थे। जब शिकायतकर्ता लोन देने को तैयार हुए तब शिल्पा और राज में उन्हें कहा कि आप कंपनी में इन्वेस्ट करें ताकि आपका टैक्स बचेगा।इसे लेकर एक एग्रीमेंट भी साइन किया गया जिसमें कहा गया कि जितने भी पैसे शिकायतकर्ता उस कंपनी में लगाएंगे वह 5 साल के अंदर 12% के प्रॉफिट के साथ उन्हें लौटा दिए जाएंगे। शिल्पा शेट्टी ने उन्हें पैसे लौटाने के लिए पर्सनल गारंटी भी दी थी।

शिकायतकर्ता के वकील के मुताबिक 60 करोड़ देने के कुछ महीने बाद ही महज़ एक करोड़ के लिए कंपनी को दिवालिया घोषित कर दिया गया और एनसीएलटी में मामला चल गया। इस दौरान शिकायतकर्ता का कहना है कि वह अपने पैसे शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा से मांगते रहे जिसमें जिसके बाद उन्हें कहा गया कि उनके पास शिल्पा शेट्टी की दी हुई पर्सनल गारंटी है इस वजह से पैसे आज या कल उन्हें वापस एग्रीमेंट के टर्म पर लौटा दिए जाएंगे लेकिन जब पैसे 9 साल तक नहीं लौटे तब शिकायतकर्ता ने पहले जुहू पुलिस थाने में शिकायत की और बाद में यह मामला इकोनामिक ऑफेंस विंग में ट्रांसफर हुआ। करीब 1 साल तक प्रारंभिक जांच के बाद मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने शिल्पा शेट्टी और उनके पति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता का यह भी आरोप है कि उनके द्वारा दिए गए पैसों का शिल्पा और राज ने अपने निजी खर्चे के लिए इस्तेमाल किया है।

# मोतियों की बनी ड्रेस में अनन्या पांडे ने फ्लॉन्ट किया कर्वी फिगर

अनन्या इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच अनन्या ने अपना एक स्टाइलिश लुक में वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। लेकिन अनन्या का यह लुक उनके पिता चंकी पांडे को कैसा लगा, इस बात का खुलासा अनन्या ने खुद किया है।

### अनन्या पांडे का वीडियो


अनन्या पांडे ने आज इंस्टाग्राम पर अपना खास वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में अनन्या पहले मेकअप करती नजर आ रही हैं। बाद में अनन्या मोतियों से जड़ी ड्रेस में बेहद खूबसूरत दिखाई दे रही हैं। इस शानदार वीडियो के साथ अनन्या ने कैप्शन में लिखा, 'मेरे पिता जी (चंकी पांडे) यह नहीं कह रहे हैं कि मेरा ग्लैमर किसी कॉमेडी शो जैसा लग रहा है। यह वीडियो आपके लिए है।'

### सेलेब्स और फैंस के कमेंट्स

सिंगर कनिका कपूर और अनन्या की मां भावना पांडे ने लाल दिल वाले स्माइली इमोजी बनाए हैं। निर्देशक प्रियंका कपाड़िया ने लिखा, 'हाहाहा, क्या हमें अपनी बातें बतानी चाहिए', एक फैन ने लिखा, 'मुझे बहुत पसंद आया', एक और फैन ने लिखा, 'नया हेयर स्टाइल अपना रही हैं अनन्या, क्या आपको ये हेयर स्टाइल पसंद है?', एक फैन ने लिखा, 'बहुत पसंद आया।'

### अनन्या का वर्कफ्रंट

कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का निर्देशन समीर विदवान कर रहे हैं। इसका निर्माण करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस और नमः पिक्चर्स ने किया है। यह फिल्म अगले वैलेंटाइन पर सिनेमाघरों में 13 फरवरी 2026 को रिलीज होगी।



# डीपी यादव के बड़े बेटे विकास यादव की हर्षिका यादव संग हुई शादी





**नोएडा ( चेतना मंच )।** पूर्व सांसद डीपी यादव के बड़े बेटे विकास यादव (50 वर्ष) की शुक्रवार को हर्षिका यादव (28 वर्ष) के साथ शादी संपन्न हुई। गाजियाबाद के राजनगर स्थित उनके आवास पर पारिवारिक लोगों की उपस्थिति में एक सादे समारोह में यह शादी संपन्न हुई। हर्षिका की विकास यादव के साथ सगाई जुलाई माह में हुई थी। विकास यादव नीतीश कटारा हत्याकांड के मामले में जेल में बंद है। यह मौजूदा समय में पैरोल पर बाहर है।

विकास को 24 अप्रैल को अपनी माताजी पूर्व विधायक उमलेश देवी की सेवा की लिए पैरोल मिला था। उनकी माता उमलेश देवी का स्वास्थ्य ठीक नहीं चल रहा है उनका ईलाज गाजियाबाद के निजी अस्पताल यशोदा में चल रहा है, जहाँ उनका रीढ़ की हड्डी का ऑपरेशन भी हुआ है। मां के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उनकी देखभाल के उद्देश्य से विकास ने शादी करने का निर्णय लिया है। उसी के तहत आज पाँच सितंबर दिन एक सादे समारोह में आर्य समाज विधि से विकास की शादी ग्राम इटोली जिला फिरोजाबाद के निवासी एक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य उदयराज सिंह उर्फ उदयराज की बेटी हर्षिका के साथ संपन्न हुई है। पहले यह शादी न्यौली शुगर मिल जिला कासगंज पर होनी तय की गई थी। बाद में विवाह राजनगर स्थित निवास स्थान में ही संपन्न हुआ ताकि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का किसी भी तरह से उल्लंघन ना हो। इस अवसर पूर्व सांसद और मंत्री डीपी यादव ने कहा कि हम लोग आर्य समाज का अनुसरण करते हैं। आर्य समाज की पद्धति के अनुसार हम कोई भी शुभ कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि आर्य समाज की विधि विधान से विकास और हर्षिका यादव की शादी संपन्न हुई।

विकास यादव ने बताया कि वह सुप्रीम कोर्ट से इसलिए पैरील पर है, क्योंकि उनकी माताजी की तबीयत खराब है, तथा उनका रीढ़ की हड्डी का ऑपरेशन हुआ है। उन्होंने कहा कि उनकी मां का स्वास्थ्य अभी भी काफी नाजुक स्थिति में है तथा उनकी देखभाल की काफी जरूरत है। उन्होंने कहा कि उनका वैवाहिक कार्यक्रम कासगंज जनपद में रखा गया था। लेकिन माननीय सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देश की वजह से उन्होंने अपनी मां के निवास स्थान के नजदीक ही शादी का कार्यक्रम आयोजित किए है। इसलिए गाजियाबाद के अपने पिता के घर पर उन्होंने यह कार्यक्रम रखा है। उन्होंने कहा कि भारत के न्यायालय में उन्हें पूरी निष्ठा और विश्वास है। कोर्ट ने उनके साथ न्याय किया है, और वह न्यायालय का सम्मान करते हैं। विकास यादव की नव विवाहित हर्षिका (28 वर्ष) एमसीए की पढ़ाई कर रही है।उन्होंने ओम डिग्री कॉलेज शिकोहाबाद से खातक की पढ़ाई की है, तथा वह वर्तमान समय में एमसीए कर रही है। उनके पिताजी उदयराज सिंह शिकोहाचाद में स्थित एक इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य है। हर्षिका के पिताजी मुलायम सिंह यादव के भतीजे हैं। मुलायम सिंह यादव का परिवार शिकोहाबाद के इसी गांव का रहने वाला था, बाद में वह हर्षिका के पिताजी के परिवार को अपनी जमीन सौंपकर सैफई चले गए थे।

# जनपद में 13 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण




लखनऊ व जिला न्यायाधीश गौतम बुद्ध नगर मलखान सिंह के निर्देशों के क्रम में अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतम बुद्ध नगर चंद्र मोहन श्रीवास्तव ने बताया कि 13/09/2025 को जनपद गौतमबुद्धनगर में मुख्यालय एवं तहसील स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विशेषत: आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक मामले, मोटरयान दुर्घटना अधिनियम के मामले, बिजली व पानी से संबंधित मामले, धारा 138 एन.आई. एक्ट के वाद, भू-राजस्व वाद, सेवा सम्बन्धित मामले एवं प्री-लिटीगेशन मामलों के साथ-साथ सुलह-समझौते के माध्यम से निस्तारण योग्य अन्य विवाद, जिनमें पक्षकार पारस्परिक सद्भावना के अधीन सन्धि हेतु इच्छुक हों, वे मामले राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किये जाएंगे।

# विधायक ने किया 'पाठशाला ऑन व्हील्स' का अनावरण

**नोएडा ( चेतना मंच )।** चैलेंजर्स ग्रुप द्वारा सेक्टर-21 स्थित नॉएडा स्टेडियम में चैलेंजर्स की 'पाठशाला ऑन व्हील्स' के शुभारंभ पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक पंकज सिंह विशिष्ट अतिथि ओपी गोयल, डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजीव ने पाठशाला ऑन व्हील्स का अनावरण कर झंडी दिखाकर वाहन को रवाना किया।

चैलेंजर्स ग्रुप के संस्थापक प्रिंस शर्मा ने कहा कि पाठशाला ऑन व्हील्स एक चलती-फिरती पाठशाला है, जिसका उद्देश्य उन बच्चों तक शिक्षा पहुँचाना है जो किसी कारणवश स्कूलों से दूर हैं। यह पहल खासकर झुग्गी-झोपड़ियों, और सड़क किनारे रहने वाले वंचित बच्चों के लिए शुरू की गई है। इस मोबाइल क्लासरूम के माध्यम से बच्चों को बुनियादी शिक्षा व डिजिटल शिक्षा की जानकारी दी जाएगी। इसमें स्मार्ट टीवी और लैपटॉप जैसी सुविधाएँ उपलब्ध हैं, विधयाक पंकज सिंह ने कहा कि इस पहल के माध्यम से समाज के सभी वर्गों के लिए शिक्षा के अवसरों का विस्तार होगा। मंच का संचालन डॉ अशोक श्रीवास्तव ने किया।

इस अवसर पर राजेश सहाय, चैयरमेन हायरैंक कॉलेज, महेश सक्सेना नॉएडा लोकमंच, सुनीता जेटली, रंजन तोमर अध्यक्ष, नोवरा, संजय गुप्ता, गौरी शंकर, दीपा, रोशनी, गीतिका व उत्तम आदि मौजूद रहे।





# नोएडा मीडिया क्लब ने मनाया महासचिव समेत वरिष्ठ पत्रकारों का जन्मदिन



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा मीडिया क्लब में क्लब के महासचिव जयप्रकाश सिंह, वरिष्ठ पत्रकार संतोष कुमार सिंह, सुरेश चौधरी, प्रवेश चौधरी और ऋषि तिवारी का जन्मदिन मनाया गया।

इस अवसर पर मीडिया क्लब के अध्यक्ष आलोक द्विवेदी ने सभी को जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं दी और कहा कि मीडिया क्लब में समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि मीडिया क्लब नोएडा के पत्रकारों के लिए कई नयी योजनाएं भी शीघ्र लागू करने जा रहा है।

इस अवसर पर सचिव जगदीश शर्मा, कोषाध्यक्ष मनोज वत्स, कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद शर्मा और आंचल यादव, वरिष्ठ पत्रकार अरुण सिन्हा, मो. आसिफ, राजेश शर्मा, संगीता चौधरी, सुमन चौधरी, हरबीर चौहान, पवन बैरागी, धीरेंद्र अवाना, योगेश राणा, हेमंत कुमार, अनुज गुप्ता, वरुण श्रीवास्तव, विनायक गुप्ता, कंचन भारद्वाज, रंजीत पांडे आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# श्रीराम मित्र मंडल ने सेक्टर-62 के रामलीला मैदान में किया भूमि पूजन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति ने सेक्टर-62,नोएडा



स्थित लीला स्थल रामलीला मैदान में भूमिपूजन कर श्रीरामलीला मंचन एवं श्रीरामलीला महोत्सव 2025 की तैयारियों का श्रीगणेश कर दिया है। भूमिपूजन के उपरांत से रामलीला की विधिवत तैयारियाँ शुरू हो गई हैं।

भूमिपूजन के अवसर पर नोएडा विधायक पंकज सिंह के प्रतिनिधि अनिल सिंह,श्रीराम मित्र मंडल नोएडा के चेयरमैन उमशंकर गर्ग,अध्यक्ष धर्मपाल गोयल,महासचिव डॉ. मुन्ना कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष राजेंद्र गर्ग, सह-कोषाध्यक्ष अनिल गोयल,वरिष्ठ उपाध्यक्ष बजरंगलाल गुप्ता, राजकुमार गर्ग, चौधरी रविन्द्र सिंह,मनोज शर्मा,विपिन गुप्ता,पवन गोयल, एसएमगुप्ता, मुकेश गोयल, मुकेश गुप्ता,महेश गुप्ता, महेश सक्सेना,लीला मंडली के निर्देशक आलोक राठौर,सहनिर्देशक नरेंद्र कुमार,अर्जुन अरोड़ा,चक्रपाणि गोयल,मनीष गोयल, साहिल चौधरी, गिरिराज,डॉ.एसपीजैन,आर के उप्रेती, अनंत वर्मा, राजेश माथुर,उपदेश भारद्वाज, रामनिवास बंसल,राकेश कुमार सिंह,पवन शर्मा, सतेंद्र शर्मा,एनकेअग्रवाल,सुधीर पोरवाल,सुशीला शर्मा,बिजेंद्र राय,किशनलाल,राजकुमार शर्मा,बाबूराम,कमलाकांत राय, एसकेगुप्ता, विनय हिन्दू, बीकेराय, सहित शहर के सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। पूजा के दौरान भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मणजी और हनुमान जी की विशेष पूजा की गई ।

श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति के महासचिव डॉ. मुन्ना कुमार शर्मा ने सभी उपस्थितजनों का स्वागत किया एवं कहा कि इस वर्ष रामलीला मंचन 22 सितंबर से 3 अक्टूबर तक भव्य रूप में आयोजित की जाएगी,जिसमें मुरादाबाद की प्रसिद्ध मंडली शिवाकला लोक कल्याण समिति के पचास से अधिक कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।26 सितंबर को श्रीराम बारात शोभायात्रा निकाली जायेगी।

# 'टिकैत रसोई' बना बाढ़ पीड़ितों का मददगार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** गौतमबुद्धनगर में बाढ़ पीड़ितों के लिए लगातार टिकैत रसोई से खाना बनाकर बाढ़ प्रभावितों तक पहुंचाया जा रहा है। भाकियू जिला अध्यक्ष अशोक भाटी के नेतृत्व में ग्राम सलारपुर में यह रसोई चलाई जा रही है।

टिकैत रसोई के संचालक भाकियू जिला अध्यक्ष अशोक भाटी ने बताया कि बाढ़ पीड़ितों के लिए खाने-पीने की खाद्य सामग्री पहुंचाई जा रही है। सभी कैंपों में टिकैत रसोई का मोबाइल नंबर दिया हुआ है। संपर्क करने पर हर संभव मदद की जा रही है।बाढ़ की स्थिति सामान्य होने तक सभी बाढ़ पीड़ितों का ख्याल रखा जायेगा।

भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने 'टिकैत रसोई' की सराहना की है। उन्होंने कहा देश पर आए हर संकट में भाकियू परिवार सदैव हर परिस्थिति में साथ खड़ा रहेगा। 5 सितंबर शिक्षक दिवस पर जिलाध्यक्ष अशोक भाटी ने अपने पिता चौधरी हरशरण सिंह भाटी एवं दादा चौधरी दौलत सिंह मुनीमजी को स्मरण करते हुए कहा जनसेवा की प्रेरणा रहे मेरे पिता और दादा उन्हीं के पद चिन्हो पर चलकर जीवन स्मरण कर रहा हूँ।




तीसरे दिन टिकैत रसोई द्वार भंडारे का शुभारंभ सुखबीर प्रधान रिकी प्रधान झलकेश बाबूजी द्वारा किया गया। सुभाष चौधरी परविंदर अवाना धीरेश नंबरदार राजू नागर अजय गुर्जर पार्थ गुर्जर संजय फौजी राजकुमार प्रजापति रवि अवाना शोभाराम भाटी सचिन अवाना अन्य लोग भंडारा वितरण में निस्वार्थ सेवा भाव से उपस्थित रहे।

